हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री


13 ईंट भट्ठों से फैल रहे प्रदूषण पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित बच्चों और पालकों ने कर दी तालाबंदी


14 चिकन पॉक्स ने दी दस्तक, इलाज से ज्यादा लोगों को झाड़फूंक पर भरोसा






## खबर संक्षेप

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा देवार बस्ती, रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से देशी शराब रखकर बेचा जा रहा था। पुलिस दबिश देकर न्यू मार्केट देवार पारा, स्टेशन मरौदा, थाना नेवई निवासी विकाश तेलासी उर्फ अजीत को पकड़ा गया। आरोपी से के कब्जे से 26 पाव देशी मदिरा मसाला, 4 पाव प्लेन देशी मदिरा 5.400 बल्क लीटर बरामद किया गया। नगदी रकम 2920 रुपये जप्त किया है।

### नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्त में



**भिलाई।** नशे की दवा के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना भिलाई भट्ठी के सेक्टर 1 स्थित पंप हाउस के पास की है।भठ्ठी पुलिस ने बताया कि अल्प्राजोलम टेबलेट का परिवहन व बेचे जाने की शिकायत पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां से वार्ड 18, सेक्टर 3 भिलाई निवासी सागर सिंह राजपूत,वार्ड 6/एफ, सेक्टर 1 अतुल यादव को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट जब्त किया है। इसके अलावा एक दोपहिया वाहन भी बरामद किया। जब्त सामानों की कीमत 6.80 लाख रुपए आंकी गई है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 7 लाख की ठगी युवती समेत दो गिरफ्तार



**भिलाई।** रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाली युवती समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर कैम्प 1 निवासी सरोज पटेल ने बेटा पीयूष को नौकरी लगाने के लिए आरोपी प्रगति नगर पायल पांडे, सिद्धुमून उर्फ लाल पांडे को 7 लाख रुपए दिया था। समय बीतने के बाद भी पीयूष की नौकरी रेलवे में नहीं लग पाने से परेशान होकर छावनी पुलिस में शिकायत किया गया। जांच में पुलिस को पता जला कि आरोपी के रीवां मध्यप्रदेश में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम रवाना की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर छावनी लाया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने ठगी करना स्वीकार किया।

### गरीब वर्ग के बच्चों का निजी स्कूलों के नर्सरी और केजी वन में नहीं होगा प्रवेश

# जिले के 228 स्कूलों में इस बार आरटीई की सीटें जीरो, महज 1375 सीटों में होगा दाखिला

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत इस साल गरीब वर्ग के बच्चों का नर्सरी और केजी वन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सरकार के इस बदले नियम से शिक्षा सत्र 2026-26 में दुर्ग जिले के 228 निजी स्कूलों में आरटीई की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटें इन दोनों कक्षाओं की समाप्त हो गई है। यानी इन स्कूलों में सीटें जीरो हो गई है। इसके पहले पिछले साल वर्ष 2025-26 में 555 निजी स्कूलों में आरटीई के बच्चों का दाखिला हुआ था। इस तरह इस साल केवल 327 स्कूलों में ही महज 1375 सीटों पर ही दाखिले होंगे।



### इसलिए कम हो गई आरटीई की इस बार सीटें

आरटीई के नए नियम में कक्षा पहली में ही अब प्रवेश क्लास बनाया गया है। इसके पहले नर्सरी ए केजी वन और पहली क्लास यानी तीनों क्लास को प्रवेश क्लास बनाकर दाखिले दिए जा रहे थे। नियम के बदलाव का असर दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, मानपुर मोहला सहित पूरे प्रदेशभर सीटों की संख्या में हुई है। किसी स्कूल में शून्य सीटें हो गई है तो किसी स्कूल में आधी ही रह गई है।

### पिछले साल की अपेक्षा 2444 सीटें घटी

दुर्ग जिले में आरटीई की सीटें शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 2444 सीटें घट गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में इस जिले में आरटीई की सीटें 3 हजार 819 है। आने वाले शैक्षणिक सत्र यानी वर्ष 2026-27 में 1 हजार 375 सीटों पर दाखिले होंगे। इस तरह न केवल स्कूलों की संख्या घटी है बल्कि वहां की सीटों में भी भारी कमी आई है।

### दस साल से पात्रता नियम को लेकर चल रहा है बवाल

आरटीई की पात्रता नियम को लेकर पिछले दस साल से बवाल चल रहा है। नियम के तहत वर्ष 2007-2008 की सर्वे सूची में आवेदित बच्चे की मां और पिता दोनों का नाम होना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद भी जब भी आरटीई में बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है इस पात्रता नियम का उल्लंघन ही सामने आया है। सर्वे सूची में आवेदित बच्चे की मां और पिता के बजाय दादा-दादी के नाम को भी मान्य कर प्रवेश हो रहे हैं। इस नियम को लेकर भिलाई के आरटीई जागरूक लोगों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई।

### पिछले छह सालों में जिले में आरटीई की सीटें

| वर्ष | सीटें |
|---|---|
| 2021-22 | 6744 |
| 2022-23 | 5720 |
| 2023-24 | 4591 |
| 2024-25 | 4298 |
| 2025-26 | 3819 |
| 2026-27 | 1375 |

### नामी स्कूलों में इस बार प्रवेशित कक्षा की आरक्षित सीटें

| स्कूल का नाम | सीटें |
|---|---|
| देहली पब्लिक स्कूल भिलाई | 01 |
| शंकराचार्य हुडको | 24 |
| डीएवी हुडको | 31 |
| केपीएस नेहरूनगर | 34 |
| डीएवी इस्पात सेक्टर-2 | 18 |
| शारदा विद्यालय रिसाली | 20 |
| मैत्री विद्या निकेतन | 18 |
| माइल स्टोन एकेडमी | 28 |
| डीपीएस दुर्ग | 35 |
| शकुंतला विद्यालय | 18 |
| केपीएस सुंदरनगर | 13 |
| शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 | 38 |
| इंदु आईटी | 13 |

### इन उदाहरणों से समझिए सीटें कम व शून्य होने की स्थिति

**केस-1**
देहली पब्लिक स्कूल भिलाई में पिछले साल यानी वर्ष 2025.26 में केजी वन की दर्ज संख्या 366 थी। इसका 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के हिसाब से प्रवेश क्लास में 91 सीटें थी। नए नियम के बाद इस साल यानी वर्ष 2026.27 में 90 सीटें घटी है।

**केस-2**
श्री शंकराचार्य हुडको में पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में नर्सरी की दर्ज संख्या 24 है। इसका 25 प्रतिशत आरटीई सीटों के हिसाब से 6 सीटों में बच्चे अध्ययनरत हैं।यहां नर्सरी की सीटें शून्य हो गई है। यहां कक्षा पहली में 24 सीटें रह गई है। जबकि पिछले साल इस कक्षा में 48 सीटें थी।

**केस-3**
डीएवी हुडको में वर्ष 2025-26 वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नर्सरी में दर्ज संख्या 88 है। यहां 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के हिसाब से 22 बच्चों को प्रवेश मिला है। इस साल वर्ष 2026- 27 में नर्सरी की सीटें शून्य हो गई है। कक्षा पहली में 31 सीटें आरक्षित की गई है पिछले साल यहां 55 सीटें थी।

**केस-4**
श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 में पहली में वर्ष 2025-26 यानी पिछले साल कक्षा पहली में आरटीई की आरक्षित सीटें 56 थी। इस स्कूल में 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के हिसाब से वर्ष 2026-27 में केवल 38 सीटों पर ही दाखिला होगा। इस तरह यहां 18 सीटें ही रह गई हैं।

# 27 से पुरी और पुणे के लिए स्पेशल ट्रेन की मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे में सफर करने वाले यात्रियों के लिए पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। ट्रेन काठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है।

- रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की असुविधा को देखते हुए लिया फैसला

ट्रेन संख्या 08405 पुरी-पुणे स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी (शुक्रवार) को पुरी से 6 बजे रवाना होगी। खुर्दा रोड आगमन 6.45 बजे, प्रस्थान 6.50 बजे, भुवनेश्वर आगमन 7.15 बजे, प्रस्थान 7.20 बजे, कटक आगमन 7.50 बजे, प्रस्थान 7.55 बजे, ढेंकानाल आगमन 8.45 बजे, प्रस्थान 8.47 बजे, तालचेर रोड आगमन 9.30 बजे, प्रस्थान 9.32 बजे, अनुगुल आगमन 9.55 बजे, प्रस्थान 9.57 बजे, संबलपुर सिटी आगमन 12.20 बजे, प्रस्थान 12.25 बजे, झारसुगुड़ा रोड आगमन 13.30 बजे, प्रस्थान 13.35 बजे, रायगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, बिलासपुर आगमन 18.15 बजे, प्रस्थान 18.25 बजे, रायपुर आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, दुर्ग आगमन 21.05 बजे, प्रस्थान 21.10 बजे, गोंदिया आगमन 23.04 बजे, प्रस्थान 23.06 बजे तथा दूसरे दिन नागपुर आगमन 1.10 बजे, प्रस्थान 1.15 बजे, वर्धा आगमन 2.10 बजे, प्रस्थान 2.12 बजे, बडनेरा आगमन 3.15 बजे, प्रस्थान 3.18 बजे, भुसावल आगमन 6.15 बजे, प्रस्थान 6.20 बजे, मनमाड आगमन 9.05 बजे, प्रस्थान 9.10 बजे, कोपरगांव आगमन 10.20 बजे, प्रस्थान 10.22 बजे, अहिल्या नगर आगमन 12.10 बजे, प्रस्थान 12.13 बजे, दौंड आगमन 14.58 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे होते हुये 16.50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई-दुर्ग से वर्ष 2024 में हुए दो पहिया वाहन चोरी की घटनाएं हो रही थी। गिरोह बीएसपी के मुख्य गेट स्थित दो पहिया पार्किंग और भिलाई भठ्ठी को निशाना बनाया जाता था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर आरोपी कुशालपुर, चंगोरा भाठा, जिला रायपुर निवासी ई पापा राव को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्वयं वाहन चोरी कर उन्हें जिला जशपुर में ले जाया करता था। जहां वाहनों को साथियों को देकर खपाता था। वाहनों को मनोज राम, एम. राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि समेत अन्य सहयोगियों के माध्यम से बेचता था। पुलिस जांच के दौरान 31 दोपहिया वाहन आरोपी से जब्त किया गया।

# लाखों की हेरोइन के साथ बुधिया और बॉबी सहित साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग पुलिस ने जिले में हेरोइन यानि चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस पूरे नेटवर्क को लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया और बॉबी नाम का सख्स

- 40 ग्राम सिंथेटिक हिरोइन (चिट्टा) लाए थे पंजाब से

चला रहे थे। छावनी पुलिस ने एसीसीयू की टीम के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए आरोपियों से 6.89 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। कार्रवाई से पहले वो लोग 33 ग्राम से अधिक चिट्टा ग्राहकों को बेच चुके हैं। छावनी पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठ धाम दशहरा मैदान कैम्प 2 के पास कुछ युवक सिंथेटिक हिरोईन (चिट्टा) बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम जवाहर नगर बॉम्बे आवास निवासी लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया, अटल आवास हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ भिलाई निवासी करन सिंह उर्फ टेटू उर्फ बॉबी, जवाहर नगर अटल आवास जामुल रविन्द्र सिंह और संग्राम चौक 18 नंबर रोड निवासी अयान अली बताया। आरोपियों के पास से युवकों ने बाइक, तीन मोबाइल और नगद 500 रुपए जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 1.48 लाख 500 रुपए का है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। पुलिस पूछताछ में चिट्टा का स्रोत, पेडलर, कोरियर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।




### महादेव सट्टा चलाने के बाद नशे के कारोबार में उतरा

आरोप है कि लक्ष्मण चौधरी उर्फ बुधिया पहले महादेव सट्टा चलाता था। उसका नाम पुलिस रिकार्ड में भी आ चुका है। वह लक्ष्मण गैंगस्टर और महादेव सट्टा चलाने के आरोपी दीपक नेपाली का करीबी है। दीपक का भाई लुकेश भी कई बार चिट्टा बेचने और सेवन करने के आरोप में जेल जा चुका है। लक्ष्मण उर्फ बुधिया एक विधायक का पूर्व प्रतिनिधि रह चुका है, बाद में उसे हटा दिया गया।

### पंजाब से लाते थे चिट्टा

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि बॉबी और बुधिया इसके मास्टर माइंड हैं। बुधिया राजनेताओं से अच्छी पकड़ के चलते शहर का नेटवर्क देखता था और बॉबी को चिट्टा लाने पंजाब भेजता था। 28 जनवरी को बॉबी पंजाब से 40 ग्राम चिट्टा लेकर भिलाई पहुंचा था। इससे पहले भी वो 3 बार पंजाब जाकर वहां से बड़ी मात्रा में चिट्टा लाकर शहर में खपा चुका है। पुलिस का कहना है उनके पूरे नेटवर्क को पकड़ने के लिए वो आरोपियों से रिमांड में पूछताछ करेगी।




### भिलाई के कोहका क्षेत्र से दो बेटियों ने पाई सफलता एक पहले ही प्रयास में सलेक्ट

# बड़े पिता से प्रेरित होकर समृद्धि ने क्रैक किया सीजी पीएससी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीजीपीएससी सिविल जज की परीक्षा में भिलाई की दो बेटियों ने सफलता पाकर अपने माता पिता और जिले का नाम बढ़ाया है। इसमें कोहका की रहने वाली समृद्धि जोशी ने 32वीं रैंक लाकर पहले ही प्रयास में इस परीक्षा को क्रैक किया।

समृद्धि ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि पहले वो कंप्यूटर साइंस में करियर बनाना चाहती थीं। इसीलिए उन्होंने 12वीं के बाद कंप्यूटर साइंस में बीएससी किया। समृद्धि के बड़े पिता अग्रलाल जोशी रिटायर्ड जज हैं। कोविड के समय उन्होंने उसे एलएलबी करने के लिए कहा। इसके बाद उसे यूपीएससी की तैयारी के लिए प्रेरित किया। माता पिता और बड़े पिता की



प्रेरणा से समृद्धि ने हर दिन 10-12 घंटे की पढ़ाई करके तैयारी शुरू की। एलएलबी पास करने के बाद उन्होंने रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ कॉलेज से एलएलएम के लिए आवेदन किया। एलएलएम के फोर्थ सेमेस्टर में रहते हुए 25 साल की कम उम्र में ही जज बनने का सपना पूरा कर लिया।



### घर में मिला सभी का सहयोग

समृद्धि बताती हैं कि उनके पिता गिरवर सिंह जोशी रिटायर्ड बीएसपी अधिकारी हैं। उनकी मां डॉ. राजेश्वरी जोशी साइंस कॉलेज दुर्ग में प्रोफेसर हैं। उनकी बड़ी बहन स्मृति जोशी अंबागढ़ चौकी गेस्ट लेक्चरर हैं। भाई हर्ष जोशी भी सुकमा में गेस्ट लेक्चरर हैं। बड़े पिता खुद जज रहे हैं। इस तरह उन्हें पूरे परिवार का इस परीक्षा को पास करने में भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन मिला।

### समाजसेवी इंद्रजीत छोटू ने घर जाकर दी बधाई

भिलाई के कोहका की ही रहने वाली प्रज्ञा वैष्णव ने भी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी में सफलता पाई है। उनकी सफलता से खुश होकर समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू उनके घर पहुंचे। उन्होंने उनके पिता भरत दास वैष्णव, मां कविता वैष्णव और भाई ओम वैष्णव को बधाई दी। प्रज्ञा से काफी देर बात की। इसके बाद वो समृद्धि जोशी के घर पहुंचे और उन्हें भी बधाई देकर उनके अज्जवल भविष्य की कामना की।





**खबर संक्षेप**

### लैंगिक उत्पीड़न और अनैतिक व्यापार पर कार्यशाला आज

**दुर्ग।** महिलाओं और बच्चों के कानूनी अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 फरवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 पोश एक्ट, शी-बॉक्स पोर्टल और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 आईटीपीए पर आधारित होगी। कार्यशाला दोपहर 12 बजे प्रेरणा सभाकक्ष, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में आयोजित की गई है। कार्यशाला द्वारा विभागीय अधिकारियों, अशासकीय संस्थानों के प्रतिनिधियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को जागरूक करना व उनके कानूनी दायित्वों के प्रति प्रशिक्षण प्रदान करना है।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 फरवरी को 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने सर्व संबंधितों विभागों के अधिकारियों तथा बैंकर्स को उपस्थित रहने को कहा है।

### विकास कार्यों के लिए 8 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्यों के लिए 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राम एवं ग्राम पंचायत कपसदा में दर्री तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु और इसी ग्राम पंचायत में बधानी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु 4-4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# दुर्ग निगम के पार्षदों ने देखी विस की कार्वाई, मंत्री गजेन्द्र रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर विधानसभा से दुर्ग नगर निगम के पार्षदो ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान पार्षदो ने विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये।

भ्रमण के दौरान पार्षदों ने विधानसभा परिसर दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के कक्ष पहुँचे और उनसे सौजन्य मुलाकात कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी

## विधानसभा परिसर दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री गजेन्द्र के कक्ष पहुंचे



### सीखने और अनुभव प्राप्त करने का मिला अवसर

दुर्ग निगम के पार्षदों ने कहा कि यह भ्रमण उनके लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर था। इससे उन्हें राज्य की राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। मंत्री यादव ने विधानसभा भ्रमण के दौरान प्रश्नकाल में सवाल पूछने और आने की प्रक्रिया, ध्यानाकर्षण में जनता के मुद्दों को सदन में रखने की जानकारी साझा किये।

पार्षदो को अपने क्षेत्र में कार्य के साथ-साथ समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। इस दौरान शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग निगम के पार्षदों को विधानसभा में बजट सत्र, मानसून सत्र और शीत सत्र में होने वाले कार्यवाही की जानकारी दिए। इसके पश्चात विधानसभा सत्र की कार्यवाही से अवगत कराये। विधानसभा भ्रमण के दौरान महापौर अलका बाघमार, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रंजीता पाटिल, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजाम, हर्षिता जैन, सावित्री दामाहे, जैन सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे।

### अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन आदि की शिकायत

# तेज डीजे की शिकायत पर कलेक्टर सख्त समयसीमा उल्लंघन पर जब्ती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## जनदर्शन में कुल 136 आवेदन हुए प्राप्त

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 137 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्राप्त अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



### प्राचार्य की हुई शिकायत

नयापारा वार्ड नं. 1 निवासी ने प्राचार्य द्वारा अभद्र व्यवहार करने और उनकी बेटी की जन्मतिथि में सुधार नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा 11वीं की छात्रा है और कक्षा 9वीं से शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत है। छात्रा के शालेय अभिलेखों में जन्मतिथि 15 मार्च 2008 दर्ज है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सही जन्मतिथि 15 मार्च 2009 है। दस्तावेजी त्रुटि सुधार के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा सुधार नहीं किया गया तथा जन्मतिथि संशोधन के लिए राजपत्र कराने का दबाव बनाया गया। इस पर कलेक्टर ने प्राचार्य को फोन लगाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने दस्तावेजों के आधार पर उचित कार्यवाही करने को कहा।

### महतारी वंदन की राशि दिलाने की मांग

भिलाई निवासी ने महतारी वंदन योजना के तहत राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि पिछले तीन माह से नहीं मिलने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने के कारण दिसंबर 2025, जनवरी और फरवरी 2026 की किस्त प्राप्त नहीं हो पाई है। आधार कार्ड भी नया बनवाया जा चुका है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही करने को कहा।

### डीजे की तेज आवाज से हो रही परेशानी, लोगों ने की शिकायत

कुरूद के सुंदर विहार एवं प्रगति नगर क्षेत्र के रहवासियों ने प्रीत पैलेस के पास तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल के समीप स्थित प्रीत पैलेस में विवाह व अन्य कार्यक्रमों के दौरान देर रात तक तीव्र ध्वनि में डीजे चलाया जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, मरीजों व बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम भिलाई को निर्धारित समय सीमा से बाहर साउंड सिस्टम संचालित किए जाने पर जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में नगर निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली व समाज कल्याण सहित जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना की नहीं मिली राशि

गयानगर वार्ड क्रमांक 4 निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक भी किस्त नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवास निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी योजना की कोई किस्त प्राप्त नहीं हुई। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह बिना सहायता के आवास बना सके। उन्होंने शीघ्र किस्त जारी कर सहायता प्रदान करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को नियमानुसार किस्त प्रदान करने के निर्देश दिए।

# 1 मार्च से प्रतिदिन होगा खटालों से गोबर संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार द्वारा शहर को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने के

- शहर को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने कवायद

उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल, पार्षद गुलाब वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की मौजूदगी में शहर के समस्त खटाल संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा खटाल क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक में यह बात सामने आई कि कई खटाल संचालकों द्वारा गोबर को सड़कों एवं सार्वजनिक खाली स्थानों पर रखा जाता है तथा नालियों में बहा दिया जाता है, जिससे खटाल क्षेत्रों सहित आसपास के स्थानों में बदबू एवं गंदगी फैल जाती है। इस संबंध में शहर के नागरिकों ने महापौर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए यह बैठक आयोजित की गई।

### गोबर संग्रहण के लिए होगा वेंडर नियुक्त

निगम द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रतिदिन एक अधिकृत बेंडर नियुक्त किया जाएगा, जो प्रत्येक खटाल से गोबर का नियमित संग्रहण करेगा। सभी खटाल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने खटाल में गोबर एकत्रित कर संबंधित बेंडर को उपलब्ध कराएं ताकि शहर में गंदगी की स्थिति उत्पन्न न हो।

### नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

महापौर ने निर्देश दिए हैं कि यदि निर्धारित व्यवस्था के बाद भी सड़कों या नालियों में गोबर पाया जाता है, तो संबंधित खटाल संचालक के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था के लिए खटाल संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### 1 मार्च से लागू होगी व्यवस्था

उक्त प्रक्रिया का क्रियान्वयन 1 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने सभी संचालकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर दुर्ग शहर के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

## संत की शरण में सभी दुख दूर होते है : आचार्य नरेन्द्र शास्त्री



**दुर्ग।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ वर्धमान जैन धर्मशाला गवलीपारा में 1 मार्च तक आयोजित है, जिसमें पं. नरेन्द्र नयन शास्त्री ज्योतिषाचार्य कौशल प्रदेश द्वारा गुरू एवं संत के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरूदेव एवं संत की शरण में सभी दुख दूर होती है, बच्चों को बुरी संगत से दूर रखना चाहिये, बुरी संगत वालों का पूरा जीवन खराब हो जाता है, जहां स्वार्थ है वहां भगवान की प्राप्ति नहीं होती।

राम चरित मानस की चौपाई कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उत्तरहिं पारा की व्याख्या करते हुए शास्त्री ने कहा कि कलयुग के मानव केवल नाम जप करके ही अपना उद्धार कर सकता है, कम से कम कलयुग में बच्चों का नाम भगवान के नाम पर रखना चाहिए। शास्त्री ने गुरू के संबंध में बताया कि जो हिसाबी व किताबी नहीं, वही भगवान से मिला सकता है, जीवन में सद्गुरू का होना अनिवार्य है और सद्गुरू के आदेश का पालन करना चाहिए। गुरू बनाना सरल है पर शिष्य बनना बहुत कठिन है। शिष्य ध्रुव, प्रहलाद जैसे होने से सद्गुरू के रूप में नारद महाराज प्राप्त होते है, और नारद शिष्य को गोविंद से मिला देते है। माताओं को भी मांग में सिंदूर जरूर डालना चाहिए इससे उनके पति की आयु बढ़ती है। शास्त्री ने बताया कि कन्या का कभी दान नहीं होता, पाणिग्रहण होता है कन्या कोई वस्तु नहीं है, जिसका दान दिया जाए। बहु के साथ गोविंद भी आता है, इसीलिये दहेज नहीं लेना चाहिए। कलश यात्रा में माताओं एवं बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं दिव्य दरबार प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक एवं रात्रि 8 से 11 बजे तक लगाया जा रहा है।

# विकसित छत्तीसगढ़ के 'संकल्प' को चरितार्थ करने वाला बजट

**भिलाई।** वित्त वर्ष 2026-27 के राज्य के बजट को लेकर लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया रही। कुछ ने विकसपरक तो कुछ ने आकड़ों की बाजीगरी बताया। छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी कदम है। यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं,



श्रमिकों, व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के हितों को प्राथमिकता देते हुए तैयार किया गया है। बजट में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित करने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया है।

### अपेक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप

भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष



भोजराज सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट वास्तव में प्रदेश के समग्र और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तैयार इस बजट में कृषि क्षेत्र को मजबूती देने, किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### युवा शक्ति के लिए विश्वास

भाजपा कार्यालय सह प्रभारी राहुल पंडित ने



कहा कि यह बजट युवा-शक्ति के लिए नए विश्वास और अवसरों का आलोक फैला रहा है। बजट में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार पर जोर दिया गया है।

### राज्य के विकास का दस्तावेज

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजा



महोबिया ने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्प का बजट प्रस्तुत किया गया जिसकी सर्वत्र चर्चा हो रही है। यह बजट राज्य के विकास का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जिस पर कांग्रेस को सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने राज्य के विकास के लिए जब भी बजट पेश किया है वह हमेशा राज्य के विकास को रिवर्स गियर में ले जाने वाला रहा है।

### गरीब हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन



सिन्हा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए 200 सीटर छात्रावास रायपुर में बनाने का लक्ष्य इस बजट में रखा गया है। 26 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने की स्वीकृति मिलने से सीधा लाभ गरीबों को मिलेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए घोषणाएं - डॉ. प्रदीप



भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी ने बजट को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प बजट डॉक्टरों और स्वास्थ सेवा के लिए बेहतर आयाम स्थापित करने के प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है। बजट में डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इसे हेल्थ सेक्टर के लिए सकारात्मक बजट माना जा सकता है। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के लिए लगभग 8,050 करोड़ रुपए आबंटित किया गया है।

### आर्थिक उन्नति का बजट है- शिव चन्द्राकर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चन्द्राकर ने कहा कि बजट सभी वर्गों को समान रूप से स्थान देते हुए विकसित भारत 2047 की परिकल्पना करते हुए पेश किया गया है। सराहनीय दूरदृष्टि वाली बजट है। इस बजट में नक्सलियों के आतंक से जो लहूलुहान बस्तर था उसे मुक्त करते हुए वहां विकास कार्य का भरपूर संसाधन देने के लिए तथा सरगुजा संभाग को भी अनेकों सौगाते देकर विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

### राज्य की विकास दर दोगुना

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के नवीन बजट का स्वागत



करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि यह बजट अमृत काल के विजन और राज्य की विकास दर को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है। यह समाज के सभी वर्ग, महिला, किसान, युवा, उद्यमी की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। रानी दुर्गावती योजना इस बजट की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक है। इसके तहत बच्चियों के 18 वर्ष पूरे होने पर उन्हें 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

### झूठ का पुलिंदा-देवेश मिश्रा



भारतीय गण वार्ता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने बजट को अविश्वसनीय व झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र, शहरी विकास, औद्योगिक क्षेत्रों को लेकर जो धनराशि की घोषणा की गई है वे सभी मात्र बजट की खाना पूर्ति ही है। देवेश मिश्रा ने कहा कि अब साय सरकार की सारी की सारी कार्यवाही कागजों और कार्यालय तक सीमित है, कोई भी कार्य धरातल पर नहीं नजर आता।

### मिलेंगे रोजगार के अवसर



महिला चेम्बर भिलाई की अध्यक्ष सुमन कन्नौजे ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का संकल्प थीम बजट नीति, निवेश, निर्माण और नवाचार वाला बजट है।

## दुर्ग जिले में विद्युत अधोसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार

# 385 करोड़ से हो रहा नए अति उच्चदाब उपकेंद्रों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल, दुर्ग क्षेत्र ने विद्युत वितरण और बुनियादी ढांचे के विकास में नए

- वर्ष 2000 की तुलना में उपभोक्ता संख्या और विद्युत नेटवर्क में हुई वृद्धि

कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्ष 2000 की तुलना में 2025 तक के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि दुर्ग जिले में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या, लाइनों की लंबाई और उपकेन्द्रों की क्षमता में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। दुर्ग जिले में विद्युत की बढ़ती मांग की पूर्ति एवं गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत प्रदाय के लिए 385 करोड़ रुपए की लागत से 06 अति उच्च दाब उपकेंद्र लिटिया (सेमरिया), अहिवारा, कुम्हारी, अण्डा, औरी (जामगांव आर) एवं आईआईटी भिलाई में तथा 33/11 के.व्ही. के 02 उपकेंद्रों का निर्माण माटरा एवं ग्रीन वैली भिलाई में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अनेक वितरण ट्रांसफार्मर एवं लाइनों के काम भी किये जा रहे हैं। विगत 25 वर्षों में विद्युत नेटवर्क को मजबूत करने के लिए जिले में व्यापक कार्य किए गए हैं। वर्ष 2000 में जहाँ 132/33 के.व्ही. अति उच्चदाब केंद्रों की संख्या 03 से बढ़कर 08 हो गई, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की संख्या मात्र 39 थी, वह अब बढ़कर 100 हो गई हैं। इसी तरह, पावर ट्रांसफार्मरों की संख्या 60 से बढ़कर 198 और वितरण ट्रांसफार्मरों की संख्या 4,787 से बढ़कर 16,717 तक पहुँच गई है। जिले में 220/132/33 के.व्ही. अति उच्च दाब के 2 केंद्र संचालित हैं।

### ग्रामीण विद्युतिकरण का लक्ष्य हासिल

दुर्ग क्षेत्र ने शत-प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। वर्तमान में जिले के सभी 542 आबाद ग्राम पूरी तरह ऊर्जीकृत हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2000 में विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या 1817 थी तत्कालीन अविभाजित दुर्ग जिले के अनुसार, जबकि वर्तमान भौगोलिक सीमा के भीतर अब कोई भी गांव बिजली से वंचित नहीं है।



### पंप कनेक्शनों की संख्या भी बढ़ी

बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिक मांग के कारण कनेक्शनों की संख्या में भारी उछाल आया है। वर्तमान में 4,20,942 घरेलू उपभोक्ता बिजली सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। किसानों की समृद्धि के लिए पंप कनेक्शनों की संख्या 19,615 से बढ़कर 43,667 हो गई है। समाज के गरीब तबके को राहत देते हुए 20,030 बीपीएल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। औद्योगिक विकास के सूचक उच्चदाब कनेक्शनों की संख्या 83 से बढ़कर 506 हो गई है।

### लाइनों का बिछाया गया है जाल

विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लाइनों का जाल बिछाया गया है। 33 के.व्ही. लाइन की लंबाई 885 कि.मी. से बढ़कर 1799 कि.मी. और निम्नदाब लाइनों की लंबाई 9,460 कि.मी. से बढ़कर 16,150 कि.मी. हो गई है, जिससे अंतिम छोर के उपभोक्ता तक निर्बाध बिजली पहुँचाना सुनिश्चित हुआ है। सीएसपीडीसीएल, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत विभाग दुर्ग जिले में 06 संभागों, 12 जोन, 08 उपसंभाग और 25 वितरण केंद्रों के माध्यम से उपभोक्ताओं को त्वरित सेवा प्रदान कर रहा है। आने वाले समय में अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से बिजली वितरण प्रणाली को और अधिक कारगर और जन-उपयोगी बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

# एसएलआरएम सेंटर में लगी आग, अनहोनी बची



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के एसएलआरएम सेंटर में देर शाम अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। घटना सिरसा गेट भिलाई तीन क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार देर शाम गांधी नगर नहर किनारे बने एसएलआरएम सेंटर में अचानक आग लगने से आसपास में बने झोपड़ पट्टी के लोगों मकान के बाहर निकल गए। सेंटर में आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। सूचना पर भिलाई तीन पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम पहुंची है। सेंटर में भिलाई-चरोदा निगम का सारा कचरा इकठ्ठा किया जाता है। शार्ट सर्किट से कचरे में आग लगना बताया जा रहा है मगर जांच के बाद ही आग लगने का कारण पता चल पाएगा। आग लगने की खबर से आसपास के लोग सड़क पर भीड़ लगाकर देखते रहे। आग में सेंटर का क्या क्या सामान जला है। इसकी जानकारी नहीं लग पाई है।

खबर संक्षेप



## 31 पौवा देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंडा।** नशा उन्मूलन अभियान के तहत एवं आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 24 फरवरी को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध शराब परिवहन करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी डोमन लाल देशलहरे, निवासी तिलोदा थाना रामचिरई, अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 बीवाई 8299 में अवैध रूप से 31 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब का परिवहन करते पाए गए। जांच के दौरान शराब जब्त कर ली गई। आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

### कौही के सरकारी स्कूल में एकजुटता दिखाई ग्रामीणों ने

# ईंट भट्ठों से फैल रहे प्रदूषण पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित बच्चों और पालकों ने कर दी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम कौही स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के पास संचालित ईंट भट्ठों से फैल रहे प्रदूषण पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित स्कूली बच्चों और पालकों ने मंगलवार को स्कूल में तालाबंदी कर दी।

इस दौरान बच्चों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई। इसकी खबर मिलते ही मौके पर रानीतराई पुलिस टीम नयाब तहसीलदार भूपेंद्र सिंग सहित पटवारी पहुंचे। जहां पालकों व बच्चों से चर्चा किये। सुबह 10 बजे से स्कूल में ताला बंदी किये थे जो कि नायब तहसीलदार के आश्वासन पर स्कूल करीब 12.30 बजे खुला।

बताया गया कि स्कूल परिसर के समीप संचालित ईंट भट्ठों से निकलने वाला धुआं और राख लगातार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। कक्षाओं के दौरान धुएं के कारण बच्चों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। इस संबंध में पालकों द्वारा पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पाटन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए जाने से आक्रोश बढ़ गया। मंगलवार सुबह पालक और छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। बच्चों ने 'प्रदूषण बंद करो', 'भट्ठे हटाओ, बच्चों को बचाओ' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान पालकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक भट्ठों का संचालन बंद नहीं किया जाता, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

### नारेबाजी के बीच सख्त कार्रवाई की मांग उठी



### नोटिस का पालन नहीं किया ईंट भट्ठा संचालकों ने

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पहले एसडीएम को किये जिसके बाद कार्रवाई के लिए एसडीएम के द्वारा नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी को 9 फरवरी को भेजा गया जहां से जांच कर नायब तहसीलदार आ गए। जिसके बाद फिर से एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग व खनिज विभाग कि संयुक्त टीम जांच के लिए 11 फरवरी को पहुंचे जहां नोटिस के माध्यम से ईंट बनाने व बेचने के लिए मना किये। इस सब जांच का कोई असर नहीं हुआ और ईंट हटाने का एक सप्ताह का समय भी दिया गया। लेकिन नोटिस का कोई असर नहीं हुआ और अधिकारी भी नोटिस थमा कर नींद में चले गये। अधिकारी नोटिस पर नोटिस का खेल खेल रहे हैं और बच्चे अपनी जान जोखिम में रख कर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जिससे आक्रोश होकर पालको ने एक दिन पूर्व एसडीएम पाटन को स्कूल की तालाबंदी कि सूचना दिए और आज तालाबंदी कर अपनी मांगों पर अड़े रहे।

### ईंट भट्ठे नहीं हटे तो दूसरे जगह स्कूल लगवाएंगे

पालको का कहना है कि अधिकारियों के द्वारा इस बार कार्रवाई नहीं किया गया, स्कूल के समीप से भट्ठे नहीं हटे तो बच्चों को ही उस जगह से हटाकर किसी दूसरे जगह पर टेंट लगाकर स्कूल संचालित कराएंगे क्योंकि हमें अपने बच्चों कि स्वास्थ्य की चिंता है। खनिज विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों के कार्रवाई के लिए हाथ पैर फूल रहे हैं। जबकि ईंट भट्ठे स्कूल के शासकीय जमीन पर संचालित हैं। जिसके बाद भी कार्रवाई नहीं किया जा रहा है और न ही किसी प्रकार कि किसी को परमिशन दिया गया पूरी तरह से अवैध रूप से यह काम चल रहे हैं।

### कार्रवाई की जाएगी

"कार्रवाई जरूर की जाएगी। शाम तक स्टे नोटिस जारी कर दिया जायेगा और एक सप्ताह के समय के अंदर उसको अपना ईंट हटाना होगा नहीं तो परमिशन लेकर विभाग के द्वारा हटा दिया जायेगा।

**भूपेंद्र सिंग,** नायब तहसीलदार

अंचल की खबरें

## अवैध खनन मामले में वैधानिक कार्रवाई की मांग



**पाटन।** ग्राम पंचायत खुडमुड़ी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग में शासकीय भूमि पर पूर्व में किए गए अवैध रेत एवं मिट्टी खनन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम), पाटन को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि शासकीय भूमि पर बिना वैध अनुमति के खनन कार्य किया गया था। वर्तमान में उक्त खनन कार्य बंद हो चुका है, किन्तु शिकायतकर्ता द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो तथा शासकीय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

## हड्डी रोग निदान और रक्तदान शिविर आयोजित




**उतई।** यहां स्थानीय स्तर पर रक्तदान शिविर रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। इनमें पुरुष के अलावा महिलाओं ने भी रक्तदान किया। ब्लड डोनेशन कैम्प संस्था की ओर से उन्हें सुरक्षा हेतु हेलमेट प्रदान किया गया। सूरज साहू संयोजक रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़, खेद राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू मित्र, हीरा शंकर साहू, संगठन सचिव साहू, मित्र सभा जितेंद्र हसवानी राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव अधिकार संगठन वाई राजेंद्र राव राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष कुलवंत सिंह प्रदेश अध्यक्ष विश्व मानव अधिकार परिषद रूपराज साहू प्रदेश उपाध्यक्ष आदित भारद्वाज शौर्य युवा संगठन विशिष्ट रूप से शामिल हुए। लोकेश साहू ने अपने जन्मदिन में रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झरना पटेल को-फाउंडर आरोग्यवेदा हास्पिटल ने उतई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती साहू का सम्मान किया और पार्षद सोनू राजपूत, संगीता रजक, कामेश साहू, डॉ प्रहलाद वर्मा, डॉ महेंद्र साहू, हरीश यादव, नीतेश पारख एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सक, समरस सियान सदस्यों एवं ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने कार्यक्रम में संजय देवांगन, नीलकमल पटेल, षकेश्वर पटेल, आकांक्षा कुर्रे, मोनिका देवांगन एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## सपनों को साकार करने वाला संकल्प बजट : कीर्ति



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2026–27 को ऐतिहासिक, दूरदर्शी और जनहितैषी बताते हुए इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की है। श्रीमती नायक ने कहा कि 1.72 लाख करोड़ का यह "संकल्प" बजट माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, अधोसंरचना विस्तार और सामाजिक न्याय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला बजट है। यह बजट नीति से परिणाम तक की सोच को ज़मीनी स्तर पर साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## बजट में किसानों-मजदूरों के लिए कुछ नही : साहू



**अंडा/निकुम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश बजट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बजट को 'बेहद अस्पष्ट' करार देते हुए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट किसानों, मजदूरों, युवाओं और शहर के मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। साहू ने कहा, इस बजट में खेतिहर किसानों, मजदूरों और शहरी मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। रोजगार सृजन, शिक्षा, सिंचाई और युवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि कई घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर इनका कोई असर नजर नहीं दिखाई देता। पूर्व गृहमंत्री ने सरकार के पुराने वादों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए वादों जैसे रोजगार सृजन, सरकारी भर्तियां और युवाओं के लिए योजनाओं पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। लोगों की बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन बजट में इसका कोई समाधान नहीं दिखता।

## वित्तीय बजट पूरी तरह निराशाजनक : टिकेश्वरी



**अंडा।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने वित्तीय बजट को पूरा निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट से किसी भी वर्ग को सही ढंग से लाभ या सही ढंग से किसी क्षेत्र में विकास नहीं हो पाएगा उनके पास अधोसंरचना के लिए सही ढंग से कार्य योजना नहीं है कांग्रेस पहले से सड़कों की जाल बिछा चुकी है। उनके पास ठोस बजट नहीं है गिनी चुनी सड़कों को रोड निर्माण के बजट में लेना दुर्भाग्य जनक है।

## बजट कटौती का सीधा असर पीएम आवास पर : ढालेश



**उतई।** आवास अधिकार कार्यकर्ता व जनपद सदस्य ढालेश साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में पात्र परिवार कच्चे या जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। कई हितग्राहियों को स्वीकृति मिलने के बावजूद समय पर किस्त नहीं मिल पा रही है, जिससे निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। ऐसे समय में बजट में भारी कमी यह संकेत देती है कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वास्तव में आवास की मांग समाप्त हो गई है या योजना की गति धीमी की जा रही है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण के लिए 4,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसी योजना के लिए 8,500 करोड़ का बजट रखा गया था।

# विष्णु महाराज कथा के पांचवें दिन सुनाई, राजा मोरध्वज की मार्मिक कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओटेबंद में श्री विष्णु महाराज मंदिर समिति द्वारा आयोजित 66वें वर्ष के पावन अवसर पर 19 फरवरी से 01 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा एवं यज्ञ जारी है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 21 फरवरी से प्रारंभ हुई कथा में वृंदावन धाम से पधारे भागवताचार्य संत राजीव नयन महाराज प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक अमृतमयी कथा का रसपान करा रहे हैं। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख और तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं।



कथा के दौरान महाराज ने कहा कि "सत्य परेशान हो सकता है लेकिन परास्त नहीं।" उन्होंने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत है—सृष्टि के आदि, मध्य और अंत तक विद्यमान रहेगा। राम और कृष्ण जैसे अवतार इसी सनातन धर्म में हुए हैं। गीता समस्त धर्मग्रंथों की जड़ है और सनातन धर्म सभी धर्मों का पिता तुल्य है। महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। सत्य की राह कठिन हो सकती है, लेकिन अंततः विजय उसी की होती है। भक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति का पात्र विशाल होना चाहिए, क्योंकि प्रभु की कृपा सब पर समान रूप से बरसती है। अंतर केवल पात्रता का होता है। भगवान की कृपा दिखाई नहीं देती, उसे अनुभव किया जाता है—जैसे हवा को देखा नहीं जा सकता, केवल महसूस किया जा सकता है। वर्तमान राजनीति पर टिप्पणी करते हुए महाराज श्री ने कहा कि राजनीति में धर्म होना चाहिए, लेकिन धर्म में राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्राचीन काल में राजा-महाराजा राज्य संचालन से पूर्व गुरुजनों से मार्गदर्शन लेते थे, जिससे शासन व्यवस्था न्यायपूर्ण और धर्मसम्मत रहती थी।

चौथे की कथा में महाराज श्री ने गजेन्द्र मोक्ष, प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार, रामावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म के मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। कथा स्थल पर आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। पांचवें दिन की कथा में राजा मोरध्वज की अद्भुत भक्ति का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि राजा मोरध्वज भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त थे। भगवान ने उनकी भक्ति की परीक्षा लेने के लिए अर्जुन के साथ ब्राह्मण वेश धारण कर उनके दरबार में आगमन किया। ब्राह्मण ने अपने शेर के लिए राजा के पुत्र का अर्धांग मांग लिया। धर्मसंकट की घड़ी में भी राजा मोरध्वज और उनकी पत्नी ने बिना विचलित हुए अपने पुत्र का बलिदान देने का निर्णय लिया।

# धान खरीदी केंद्रों में शेड और बाउंड्री - वॉल का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ सांसद बघेल ने किया भूमिपूजन


पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति सावनी और केसरा में दुर्ग सांसद विजय बघेल के कर कमलों से मंडी बोर्ड मद से लगभग 05 करोड़ का धान खरीदी केंद्रों में शेड निर्माण, बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया गया। सावनी, सांकरा, झीट, जामगांव एम, बटंग, जमराव, घुघवा, केसरा, सोरम, डंगनिया, तेली गुंडरा, बठेना, जामगांव एम, भरर, फेकारी सहित अन्य सेवा सहकारी समितियों में प्रत्येक सोसायटी में 19 लाख 13 हजार रुपए का शेड निर्माण बाउंड्री वॉल हेतु भूमि पूजन सावनी सेवा सहकारी समिति और केसरा में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे और अध्यक्षता सुरेंद्र कौशिक जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी है और होली के पहले अंतर राशि किसानों को मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के वार्षिक बजट में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की ओर राज्य को अग्रसर किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति श्रीमती कल्पना नारद साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, भाजपा नेता संजय दानी, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, जनपद सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर,कमलेश साहू, ज्योति प्रकाश साहू, रानी बंछोर, अम्लेश्वर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद श्रीमती रेखा अरविंद जोशी, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, जनपद सदस्य भावना निषाद, भाजपा नेता लालेश्वर साहू और लोकमनी चंद्राकर थे। मंच संचालन रज्जू सोनी और पारखत साहू ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या किसान और भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट




**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में दीपावली में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में आसुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें और धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।

## उदय महाविद्यालय जामुल में मेगा मेमोरी वर्कशॉप



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में 20 फरवरी को बीएड छात्र-छात्राध्यापकों के लिए 'मेगा मेमोरी' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मेगा मेमोरी ट्रेनर डॉ. अवधेश पटेल समाधान महाविद्यालय एवं ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रहे। डॉ. अवधेश पटेल ने बताया की कम समय में परीक्षा की तैयारी कैसे करें, समय का नियोजन किस प्रकार करें अपना मूल्यांकन स्वयं करें, एक सकारात्मक संकल्प ले आत्मविश्वास के साथ कार्य करें, बार-बार पढ़े हुए चीज का अभ्यास करें। उन्होंने चेतन और अवचेतन मन को जागृत करने की तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने मन में एकाग्रता लाना, अवलोकन करना सीखाया, पढ़े हुए पाठ से उत्तर निकालने की तकनीक सिखाई उन्होंने यह भी बताया कि विवरणात्मक प्रश्नों को हम किस प्रकार कम समय में याद कर सकते हैं और अपने समय का नियोजन कर सकते हैं इसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राध्यापकों को एक विवरणात्मक प्रश्न का उत्तर तैयार करके उन्हें याद भी करा दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. टीआर साहू ने छात्र-छात्राध्यापकों को बताया कि आत्मविश्वास, संकल्प और अभ्यास से आप अपने व्यक्तित्व का विकास करें। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पायें। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने छात्र-छात्राध्यापक को बताया कि इस तकनीक का अभ्यास बार-बार करें, अभ्यास ही सफलता की कुंजी है, परीक्षा की तैयारी में करें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सावित्री जंघेल (सहा. प्राध्या.) ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव, समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्रा अध्यापक उपस्थित थे।

## न्योता भोज में छात्रों ने लिया व्यंजनों का स्वाद

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा संकुल-अण्डा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। वेदप्रकाश साहू ने अपने पुत्र उत्कर्ष साहू के जन्मदिन की खुशियों को केक काटकर शासकीय प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के बच्चों के साथ साझा की। न्योता भोजन के रूप सभी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए चांवल,केला, खीर पुड़ी और आलू मटर की सब्जी वितरित की गई। अध्ययनरत सभी बच्चों वेदप्रकाश साहू ने पेन भेंट की।

**न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग, जिला-दुर्ग**

मामला क्रमांक-2602100700056 / अ-21. ( 1 )
सन 2025 - 2026

**उदघोषणा-पत्र**

एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानदेव डी.सी. नन्दनवार पिता चिन्धू जी. नन्दनवार, निवासी- सड़क नं. 1 महाराष्ट्र मंगलम के पास कसारीडीह, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ. ग.) के द्वारा ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि / मकान खसरा नं. 717 / 20, रकबा 0.008 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की पत्नी शांता नन्दनवार को कैंसर की बीमारी है जिसका ईलाज चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल भिलाई में चल रहा है इसलिए आवेदक को रकम की आवश्यकता हैं। इसलिए ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. कसारीडीह खसरा नं. 717 / 20, रकबा 0.008 हे. भूमि तह. व जिला दुर्ग निर्मित मकान को क्रेता गैर आदिवासी नाम शेख अब्बास अली पिता शेख नाओसेर अली, निवासी-वार्ड नं. 41 नूरी मस्जिद के पास सैय्यदबाड़ा केलाबाड़ी दुर्ग, वाले के पास विक्रय करना चाहता है। आवेदक की जाति महाराष्ट्र में हल्बा आदिवासी है तथा यह छत्तीसगढ़ यह जाति आदिवासी उल्लेखित नहीं है जिससे आवेदक की जमीन बिक्री नहीं हो पा रही है। उक्त भूमि बिक्री की मंजूरी प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में अ.वि.अ. (रा.) के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 10-03-2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/2/26 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ. ग.)

# भोथली-तिरगा मार्ग हुआ बदहाल आवेदन के बाद भी सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोथली से खुर्सीपार और भोथली से तिरगा जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, डामर उखड़ गया है और धूल के कारण राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खराब सड़क के चलते दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की दयनीय हालत को लेकर कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को आवेदन दिया गया है। दुर्ग जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू द्वारा भी इस संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन अब तक किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई है। न तो मरम्मत कार्य शुरू हुआ है और न ही निर्माण की कोई पहल दिखाई दे रही है।

क्षेत्रवासियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि जब तक कोई बड़ी घटना नहीं होती, तब तक अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर दोनों मार्गों का शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ आयोजित होगी 9वीं-11वीं की वार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीजी बोर्ड दसवी-बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। इस बीच नवमी और ग्यारहवीं की भी परीक्षाएं साथ-साथ चलेगी। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इन कक्षाओं की परीक्षा ली जाएगी। यानी पहली पाली में दसवी-बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं चलेगी और दूसरी पाली में नवमी और ग्यारहवीं की। जिला शिक्षा विभाग ने राज्य के आदेश के बाद नवमी व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है। 11 मार्च से नवमी और ग्यारहवीं की परीक्षाएं शुरू होगी। दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक परीक्षाएं चलेगी।

अलग खबर

## दूसरी पाली में दसवी-बारहवीं की परीक्षाएं 11 मार्च से होगी शुरू

### इस तरह बोर्ड परीक्षाएं साथ- साथ चलेगी

11 मार्च को दसवी कक्षा की व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रश्नपत्र होगा। इसी दिन दूसरी पाली में नवमी व ग्यारहवीं का पहला पेपर अंग्रेजी विषय रखा गया है। 12 मार्च को बारहवीं इतिहास विषय का पेपर है। इसी दिन नवमी के विद्यार्थी सामाजिक विज्ञान और ग्यारहवीं के विद्यार्थी राजनीति शास्त्र, रसायन और लेखाशास्त्र की परीक्षा देंगे। 13 मार्च को दसवी बोर्ड के दृष्टिहीन विद्यार्थियों का पेपर है। इसी दिन नवमी का संस्कृत और ग्यारहवीं का हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। 14 मार्च को नवमी हिन्दी व ग्याहरवीं जीवविज्ञान का पेपर विद्यार्थी देंगे। इसी दिन बारहवीं हिन्दी का भी पेपर है। 16 मार्च को बारहवीं के विद्यार्थी व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं नवमी के विद्यार्थी गणित और ग्यारहवीं के विद्यार्थी भौतिक,भूगोल, व्यवसायिक अध्ययन व गृह विज्ञान का पेपर देंगे। इसी तरह 17 और 18 मार्च को भी बोर्ड और दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं साथ-साथ चलेगी।

### जिला स्तर पर तैयार होंगे प्रश्नपत्र

जिला शिक्षा विभाग ने कक्षा 9 वीं एवं 11 वी वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए जिला स्तर से प्रश्न का प्रारुप (साफ्ट कापी) जारी करेगा। प्रश्न पत्र का प्रारुप (साफट कापी) का वितरण 6 मार्च को सुबह 11 बजे से स्थानीय कार्यालय के परीक्षा कक्ष से किया जाएगा। परीक्षा प्रश्न पत्र समय सारणी के अनुसार हर दिन आलमारी से निकाल कर पूर्ण रुप से मिलान करेंगे कि प्रश्न पत्र उसी दिवस का हो। प्रश्न पत्रो कि गोपनियता बनाये रखना प्राचार्य की जवाबदारी तय की गई है।

### परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन

नवमी व ग्याहरवीं परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उसी दिन कराया जाएगा। ताकि समय अवधि में परीक्षा परिणाम की घोषणा की जा सके। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका को कार्यालय में सुरक्षित रखना है जिससे जिला अथवा विकासखण्ड के अधिकारी निरीक्षण कर सके।

### अलग-अलग शिक्षक होंगे पर्यवेक्षक

बोर्ड परीक्षा सुबह पाली में हो रही है। दोपहर 1.30 बजे से नवमी और ग्याहरवीं की परीक्षाएं होगी। हमारे पास पर्याप्त शिक्षक हैं। जो शिक्षक बोर्ड की परीक्षा संपन्न करवाएंगे उनकी ड्यूटी नवमी व ग्याहरवीं की परीक्षा में नहीं लगाई गई है।

**अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

### बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण किया डीईओ ने



**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लेने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला निकुम (सेजस), तिरगा और अंडा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सहायक संचालक समृद्धि जोशी, राधिका यदु, अमल कुमार दुबे और जावेद कुरैशी का विशेष निरीक्षण दल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने परीक्षा हॉल में जाकर बैठक व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संचालित होती पाई गई। एक विशेष उपलब्धि यह रही कि इन केंद्रों पर सभी नामांकित परीक्षार्थी उपस्थित मिले और किसी भी छात्र की अनुपस्थिति दर्ज नहीं की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्रों में पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र अध्यक्षों को निर्देशित किया कि पूरी परीक्षा अवधि में शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। जिला प्रशासन के इस कड़े रुख और औचक निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त नजर आईं।

## खबर संक्षेप



### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फरीद नगर डेरा बस्ती स्थित शासकीय स्कूल के पीछे झाड़ियों के पास गांजा बेचने ग्राहक की तलाश आरोपी कर रहा था। दबिश देकर पुलिस ने वार्ड 7 डेरा बस्ती निवासी प्रकाश धुर्वे को पकड़ा गया। आरोपी से पुलिस ने 1 किलो 140 ग्राम गांजा, बिक्री रकम जब्त किया गया। गांजा कीमत 55 हजार का है।

### हिंदी सभी सरकारी कामकाज के लिए लाभदायी

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की बैठक भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में हुई। उप निदेशक क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय भोपाल नरेन्द्र सिंह मेहरा के मुख्य आतिथ्य थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग चितरंजन महापात्र ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे।

## समय पर इलाज न मिले तो संक्रमण फैलने का खतरा

# चिकन पॉक्स ने दी दस्तक, इलाज से ज्यादा लोगों को झाड़फूंक पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में चिकन पॉक्स ने एक बार फिर दस्तक दी है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक इसकी चपेट में आ रहे हैं, लेकिन कई लोगों को डॉक्टर के पास इलाज के लिए जाने के बजाए झाड़फूंक पर भरोसा है।

शहर और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बुखार और शरीर पर दाने निकलने की शिकायतें बढ़ी हैं। डॉक्टरों के मुताबिक यह चिकन पॉक्स के शुरुआती लक्षण हैं। तेज बुखार, बदन दर्द, कमजोरी और फिर पूरे शरीर पर पानी भरे दाने। समय पर इलाज न मिले तो संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में चिंता की बात है कि कई परिवार अस्पताल जाने के बजाय झाड़फूंक और घरेलू मान्यताओं का सहारा ले रहे हैं। बच्चों को कमरे में बंद कर देना, दवा न देना, सिर्फ पारंपरिक तरीकों पर भरोसा करना ये सब हालात को और बिगाड़ सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार चिकन पॉक्स एक वायरल संक्रमण है। इसका इलाज वैज्ञानिक तरीके से ही संभव है। दाने सूखने तक मरीज को अलग रखना, साफ-सफाई का ध्यान रखना और डॉक्टर की सलाह पर दवा लेना जरूरी है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों के लिए यह ज्यादा जोखिम भरा हो सकता है। चिकन पॉक्स को लेकर अब भी लोगों में जागरूकता की कमी है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज से बीमारी आमतौर पर 7 से 10 दिनों में नियंत्रित हो जाती है, लेकिन लापरवाही से त्वचा में इंफेक्शन, निमोनिया या अन्य जटिलताएं हो सकती हैं।

## नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं और अफवाहों से बचें



### अफवाहों से बचे

चकिन पॉक्स के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। लोगों को अफवाहों से बचना चाहिए। ऐसे समय में खानपान पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**डॉ. नीलिमा एक्का,** जिला अस्पताल दुर्ग

### चिकन पॉक्स में क्या खिलाएं, क्या नहीं

चिकन पॉक्स होने पर सबसे पहले बुखार आता है। फिर शरीर पर दाने निकलते हैं। कमजोरी महसूस होती है। ऐसे समय में दवा जरूरी है, लेकिन उतना ही जरूरी है सही खानपान। कई घरों में मरीज को सीमित खाना दिया जाता है। कुछ लोग तो यह मान लेते हैं कि कम खाने से बीमारी जल्दी ठीक होगी, जबकि सच इसके उलट है। शरीर वायरस से लड़ रहा होता है, ऐसे में उसे ताकत चाहिए। हल्के भोजन में दलिया, खिचड़ी, मूंग दाल, सादा चावल और उबली सब्जियां बेहतर विकल्प हैं। पेट पर दबाव नहीं पड़ता और पोषण भी मिलता है। दूसरी अहम चीज है तरल पदार्थ। बुखार के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसलिए नारियल पानी, सादा पानी, पतला छाछ और सूप देते रहें। पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। फलों में केला, पपीता, सेब और नाशपाती दें। ये मुलायम होते हैं और पचने में आसान। प्रोटीन भी जरूरी है। दाल, पनीर, दही और अंडा शरीर की रिकवरी में मदद करते हैं। दाने सूखने और शरीर को ठीक होने में यह अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं तेल-मसाले वाला खाना, बहुत तीखा भोजन, तला हुआ सामान और जंक फूड से दूरी रखें। अगर मुंह में छाले हैं तो बहुत खट्टे फल भी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

## रिसाली वार्ड 34 में बिजली की समस्या महापौर शशि ने की अधिकारी से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- रिसाली निगम के वार्डों में जाकर ले रही है फीडबैक

नगर पालिका निगम रिसाली की प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने बुधवार को वार्ड 34 मिनी माता नगर नेवई का दौरा किया। इस दौरान लोगों ने बिजली की समस्या रखी। मौके पर ही महापौर ने बिजली अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और समस्या का निवारण करने कहा। यहां बिजली पोल लगाए गए हैं लेकिन लाईट नहीं लगाई गई है। जिसकी वजह से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने दस दिन के भीतर इस समस्या को पूरा करेंगे। वार्ड 34 मिनी माता नगर नेवई में बाबा गुरू घासीदास बाबा से आशीर्वाद लेकर वार्ड भ्रमण प्रारंभ किया गया जिसमें प्रमुख रुप से पुर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद कुमार भाऊ, लोकुमल ओतवानी, बिरेंद्र पाल जी एन एस यु आई कांग्रेस से सुरेन्द्र बाघमारे, पूर्व पार्षद चुम्मन देशमुख, राजेन्द्र रजक, एम आई सी मेंबर अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, ममता यादव, रोहित धनकर, संजू नेताम, पार्षद राहुल राय, महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हेमीन चतुर्वेदी, मनीष साहू ,अजय यादव, दीपांकर साहू, गुलाब दास मानिकपुरी, मुन्ना समद आदि शामिल रहे।




## ड्रिंक एंड ड्राइव और तीन सवारी पर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### कानून-व्यवस्था व ट्रैफिक प्रबंधन की बैठक



होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 में बैठक लिया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया गया। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने कार्ययोजना तैयार की गई। होलिका दहन की रात्रि एवं होली के दिन शहर के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग, भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, पूर्व में चिन्हित संवेदनशील, अतिसंवेदनशील चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। नशे की अवस्था में वाहन चलाने, तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन, स्टंटबाजी, ट्रिपल राइडिंग, खुले वाहन में खतरनाक ढंग से यात्रा, संशोधित साइलेंसर, ध्वनि प्रदूषण, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने वाले चालकों को बाधित करने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ड्रिंक एंड ड्राइव प्रकरणों में ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर दोषी पाए जाने पर वाहन जप्त कर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिले के प्रमुख चौकों में सघन वाहन चेकिंग में लगे अधिकारी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- होली को लेकर पुलिस सुरक्षा में जुटी

### चौक चौराहों पर चेकिंग भी

जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सतत एवं प्रभावी कार्रवाई की गई, जिनका उत्साहवर्धन प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व को मर्यादित एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं। नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं, ट्रैफिक नियमों का पालन करें, स्वयं व अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## आयुक्त राजीव ने विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- भिलाई निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बुधवार को नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स, तालाबों की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त ने वार्ड 31, मदर टेरेसा नगर के सुन्दर नगर बस्ती में चल रहे सीमेंटीकरण रोड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और इसे समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय नागरिकों को आवागमन में शीघ्र सुविधा मिल सके। केनाल रोड निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर तत्काल सीमांकन एवं मार्किंग कार्य पूर्ण करने को कहा। श्याम नगर तालाब में फैली जलकुंभी पर चिंता व्यक्त करते हुए आयुक्त ने इसे तत्काल निकालने के निर्देश दिए ताकि जल स्त्रोत स्वच्छ रहे और जलभराव की समस्या न हो।

क्षेत्र के सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का निरीक्षण कर वहां पानी की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, वार्ड की गलियों, मोहल्लों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे आदि उपस्थित रहे।




### एमआईसी ने दी विकास कार्यों को मंजूरी

# जोन तीन में सर्विस रोड, पीएम आवास का 10 प्रतिशत अंशदान पेयजल पर होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में ली गई। बैठक में प्रमुख रूप से बैकहो लोडर क्रय, सर्विस रोड निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रस्ताव को महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 15वें वित्त आयोग के तहत 5 नग बैकहो लोडर क्रय कार्य हेतु मेसर्स जी.के.आटोव्हील प्रा.लि.रायपुर द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर 25 लाख रुपये प्रति नग के अनुसार कुल 1 करोड़ 25 लाख रुपये मात्र की स्वीकृति मिली। जोन-3 अंतर्गत जी.ई.रोड के समानांतर चंद्रा मौर्या टाकिज से नगर निगम जोन-3 कार्यालय के सामने से बजाज शोरूम तक सर्विस रोड निर्माण कार्य हेतु महापौर परिषद् की बैठक में चर्चा कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास मिशन, एएचपी घटक अंतर्गत समय पर 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान गरीबों की सेवा निधि से प्रदान करने विषयक प्रस्तुत किया गया था। किंतु महापौर परिषद् में लिये निर्णय अनुसार इस राशि का उपयोग गरीबों तथा गंदी बस्ती के निवासियों को जलापूर्ति एवं अन्य आवश्यक सेवा प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, आवास योजना प्रभारी विद्याधर देवांगन, देवराज राजपूत, आंगनबाड़ी परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

### संजय नगर मैदान का मामला भी आया

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक में यह बात आई कि किसी स्थल का आक्सन करने का निर्णय महापौर परिषद ने ले लिया गया है जो कि भ्रामक एवं निराधार है। इस विषय एम.आई.सी द्वारा 2022 में संजय नगर मैदान उत्तर गंगोत्री रिक्त भूमि व्यवसायिक काम्प्लेक्स 2022-23 में एक प्रस्ताव व्यवसायिक कार्य बी.ओ.टी. (बिल्ड एंड आपरेट ट्रांस्फार) पी.पी.पी. मॉडल से तत्कालीन शासन को भेजा गया था। शासन से स्वीकृति में विलंब होने के कारण 2025-26 में उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु शासन से अनुमति मांगी गयी थी, जो कि वर्तमान तक अप्राप्त हैं। नगर निगम अधिनियम अनुसार भूमि से संबंधित कोई भी निर्णय बिना शासन के पूर्व अनुमति नही लिया जा सकता है।





ब्राइडल लुक पूरा होगा डायमंड ज्वेलरी के साथ, लेटेस्ट डिजाइन है आपके लिए


**लाइव इवेंट**

## छग स्वाभिमान को जागृत करने विभूतियों को राज्य अलंकरण से किया सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य अलंकरण अवार्ड 2026 में छतीसगढ़ी संस्कृति, लोककला और साहित्य के दीर्घ साधना के लिए भिलाई के वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी सम्मानित हुए। इसी क्रम में कला और साहित्य के डॉ. डीपी देशमुख को संत कवि पवन दीवान अवार्ड, लोककला साधक डॉ.कृष्ण कुमार पाटिल को दाऊ रामचंद्र देशमुख लोक कला और संगीत अवार्ड व साहित्यकार, कम्पियर आकाशवाणी रायपुर संगीता वर्मा को समता साहित्य-कला रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।







कुशालपुर में आयोजित रंगारंग समारोह में समता साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.डी.एस.तांडेकर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर ने की। अतिविशिष्ट अतिथि एस एल जांगड़े संयुक्त श्रम आयुक्त, छग शासन, विजय घरडे प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र, के बी मनसारी अध्यक्ष म.प्र., डॉ.रमेश चंद्र चानगोशिया महाराष्ट्र, डॉ.शरद चोपकर प्रदेश सचिव, प्रदेश संरक्षक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में छतीसगढ़ी स्वाभिमान को जागृत करने वाले विभिन्न विधाओं के प्रदेश के विशिष्ट विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों में डॉ. गिरधर चंद्रा, डॉ. सुरेश तिवारी, विजेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

**लाइव इवेंट**

## आईटीपी 18 मेडल के साथ रही प्रथम, यूपी को मिला 8 पदक



**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर में चल रही चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 के तीसरे दिन मंगलवार को रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड के फाइनल मुकाबले खेले गए। दिनभर चले मुकाबलों के बाद कुल 56 मेडल खिलाड़ियों को दिए गए। मेडल तालिका में आईटीबीपी ने सबसे ज्यादा 18 मेडल जीतकर पहला स्थान हासिल किया। देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और कई मुकाबले आखिरी राउंड तक रोमांचक रहे। तय नियमों के मुताबिक विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए गए। मेडल की बात करें तो उत्तर प्रदेश ने 8 मेडल जीते, जबकि सीआरपीएफ को 6 मेडल मिले। राजस्थान और सीआईएसएफ ने 5-5 मेडल अपने नाम किए। असम राइफल्स, बीएसएफ और एसएसबी को 4-4 मेडल मिले। असम और महाराष्ट्र को 1-1 मेडल हासिल हुआ।

- अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता
- अलग-अलग राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी

### तीस टीमों के 450 प्रतिभागी शामिल

प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई परिसर में 24 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा भिलाई पहुंचे थे। देशभर की पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की 30 टीमों के 450 प्रतिभागी शामिल हुए।

इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के 30 से अधिक खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए हैं। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा, मेडिकल और दूसरी जरूरी व्यवस्थाएं ठीक से की गई थी। कार्यक्रम समय पर और अच्छी तरह से पूरा हुआ।

### पदक वितरण समारोह में थे मौजूद

पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव, आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यानारायण राठौर,आईजी अभिषेक शांडिल्य, उप पुलिस महानिरीक्षक छग सशस्त्र बल मध्य रेंज सदानंद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण रेंज इंद्रा कल्याण, उप पुलिस महानिरीक्षक/सेनानी एवं खेल अधिकारी, प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल राजेश कुकरेजा, एसएसपी विजय अग्रवाल, उप सेनानी, सप्तम वाहिनी प्रज्ञा मेश्राम, उप सेनानी, प्रथम वाहिनी सबा अंजुम मौजूद थे।

**● निशान यात्रा में होगी इत्र और पुष्पों की वर्षा, भक्तों में उत्साह**

# खाटू की तर्ज पर दुर्ग में गूंजेगा श्याम नाम आज सजेगी भजन संध्या, भक्तों में उत्साह

**हारे का सहारा खाटू श्याम बाबा के भक्तों की आस्था का केंद्र बने दुर्ग शहर में श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी पर निकाली जाएगी। खाटू की तर्ज पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसके साथ ही आज शाम महाराष्ट्र के गायकों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं साथ ही इत्र और पुष्प वर्षा की तैयारी भी की गई है। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहेगी।**



**भिलाई।** इन दिनों राजस्थान के खाटू में स्थित महाभारत के योद्धा और महादानी बर्बरिक श्याम बाबा के धाम दर्शन करने भक्त पैदल निशान यात्रा पर भी निकले हुए है। धार्मिक नगरी दुर्ग में इस वर्ष भी फाल्गुन एकादशी के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा के एक अद्भुत दृश्य दिखाई देने वाला है। पहली बार शहर में श्री श्याम बाबा की खाटू धाम की तर्ज पर विशाल और भव्य फाल्गुन निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर पूरे शहर में धार्मिक उत्साह और श्याम भक्ति का माहौल बन गया है।

इस आयोजन के लिए पिछले एक सप्ताह से दुर्गा मंदिर में महिलाएं और युवा मिलकर अपने हाथों से तैयार बाबा का निशान तैयार कर रहे है। निशान में बाबा का ध्वज, नारियल, मोर पंख, मोली धागा जैसी विभिन्न सामग्री से एक निशान तैयार किया जा रहा है सभी के द्वारा ग्यारह सौ से अधिक निशान को तैयार किया गया है।

फाल्गुन मास की पावन ग्यारस पर आयोजित होने वाली श्री श्याम फाल्गुन निशान यात्रा की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन श्याम भक्तों को खाटू श्याम की अनुभूति कराना है, जो किसी कारणवश राजस्थान के सीकर स्थित खाटू धाम नहीं पहुंच पाते। अब दुर्ग में ही भक्तों को खाटू जैसी परंपरा, रीति-रिवाज और भव्यता के साथ बाबा श्याम के सजीव दर्शन का सौभाग्य मिलेगा।

### खाटू धाम की झलक दिखेगी दुर्ग की सड़कों पर

निशान यात्रा आयोजक समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि फाल्गुन एकादशी के दिन दुर्ग की सड़कों पर खाटू धाम जैसा दिव्य वातावरण नजर आएगा। बाबा श्याम का रथ, घोड़े-बग्गी, मधुर भजनों की स्वर लहरियां, फूलों और इत्र की वर्षा के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं के हाथों में श्याम बाबा का निशान सभी भक्तों के लिए आस्था का केंद्र रहेगा। यह यात्रा श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम होगी।

### यात्रा की प्रमुख विशेषताएं

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा और इत्र वर्षा की विशेष व्यवस्था की जा रही है। ग्यारह सौ से ज्यादा की संख्या में श्याम भक्त केसरिया, नारंगी और लाल रंग के पवित्र निशान लेकर बाबा के जयकारों के साथ पदयात्रा करेंगे।

### भजन संध्या का आयोजन

समिति के सदस्य किरण और मनीष सेन ने बताया कि निशान यात्रा के एक दिन पहले 26 फरवरी यानी आज शाम 7 बजे सत्तीचौरा में भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें गोंदिया महाराष्ट्र के प्रसिद्ध भजन गायक सुनील कालोया और सागर मांग्रेलिया द्वारा बाबा के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त शिरकत करेंगे।

### शहर में भक्तिमय माहौल, सर्वसमाज होंगे शामिल



निशान यात्रा को लेकर दुर्ग शहर में उत्साह चरम पर है। सभी समाजों के लोग इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। फाल्गुन एकादशी पर दुर्ग नगरी श्याम भक्ति के रंग में रंगी नजर आएगी और यह आयोजन आने वाले वर्षों के लिए एक नई धार्मिक परंपरा की नींव रखेगा। एकदाशी तिथि पर शुक्रवार को सुबह 7 बजे निशान यात्रा श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग से शनिचरी बाजार, सदर बाजार, इंदिरा मार्केट, पोलसाय पारा चौक, स्टेशन रोड, अग्रसेन चौक, शहीद चौक, धमधा नाका ओवरब्रिज के ऊपर से कादंबरी नगर श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। जिसके लिए तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है।

## मातृभाषा हमारे विचार, संवेदना और संस्कारों की मूल धारा, लोकगाथा का किया लेखन

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय आमदी नगर हुडको भिलाई में विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा लोकगाथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राध्यापको, अशैक्षणिक कर्मचारी और विद्यार्थियों में मातृभाषा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना, लोकसाहित्य की समृद्ध परंपरा से उन्हें जोड़ना तथा सृजनात्मक लेखन के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने के लिए किया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह, लगन और रचनात्मकता के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी लोकगाथाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा, लोकजीवन और सामाजिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।

इस दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता वर्मा ने विश्व मातृभाषा दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृभाषा हमारे विचार, संवेदना और संस्कारों की मूल धारा है तथा लोकगाथाएं हमारी सांस्कृतिक स्मृतियों की जीवंत धरोहर। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मीयता एवं सृजनात्मकता का विकास होता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि मातृभाषा के बिना किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान अधूरी है। लोकसाहित्य हमारी जड़ों से जुड़े रहने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए हिंदी विभाग के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता निर्णायक के रूप में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मिश्रा और सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग लक्ष्मी वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



प्रतियोगिता में विजेता प्राध्यापकों में प्रथम संयुक्ता पाढ़ी, द्वितीय कामिनी वर्मा, तृतीय स्थान पर इंद्राणी दास रहे। विद्यार्थियों में प्रथम सुनील कुमार एमएससी गणित, द्वितीय प्रिया सिंह बीकाम प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर श्वेता ध्रुव बीबीए रही। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## छत्तीसगढ़ कराटे टीम ऑल इंडिया कियों नेशनल टूर्नामेंट में लेगी हिस्सा, हुए रवाना

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन की टीम 26 फरवरी को ऑल इंडिया कियों नेशनल कराटे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के लिए रवाना होगी। यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 30 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम के साथ छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अमल तालुकदार, वर्किंग प्रेसिडेंट ब्रह्मया नायडू और कोच डी. रमेश, अमर और मुरली भारद्वाज भी दिल्ली जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी तैयारी की है और उनसे उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करेंगे।



**फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन समारोह में पद्मश्री शमशाद बेगम ने किया प्रोत्साहित**

## महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं, लेकिन आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार, लैंगिक समानता की घर से हो शुरुआत

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं, लेकिन आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता ही है। महिलाओं को सशक्त करने महिला कमांडों छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में सक्रिय होकर कार्य कर रही है। लैंगिक समानता की शुरूआत घर से प्रारंभ होनी चाहिए। घर के छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास बेटा-बेटी के अंतर को घर में ही दूर कर दें तो एक नए समाज का निर्माण होगा। लैंगिक समानता पर यह बातें पद्मश्री शमशाद बेगम ने महाविद्यालय दुर्ग में छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कही।

शासकीय डॉ. वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम लैगिंक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम का स्वागत और सम्मान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम का परिचय प्रस्तुत किया।



### महिलाओं को सम्मान दिलाने शमशाद ने की महिला कमांडो की शुरुआत

पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं लेकिन आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है, उन्होंने समाज में महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए महिला कमांडो की स्थापना की। जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में सक्रिय होकर कार्य कर रही है। जिससे नारियों में जागरूकता आई है। नारी ही समाज में बदलाव ला सकती है। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि लैंगिक समानता की शुरूआत घर से प्रारंभ होनी चाहिए। घर के छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास बेटा-बेटी के अंतर को घर में ही दूर कर दें, तो यह समाज के परिवर्तन का कारक होगा। मां परिवार की प्रथम गुरू है। उनके द्वारा की जाने वाली पहल समाज में बदलाव लाने की कड़ी में महत्वपूर्ण कदम होगा।



### लैंगिक समानता आज के समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि लैंगिक समानता आज के समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, समाज के सभी क्षेत्रों में इसकी बात होनी चाहिए। शिक्षा समाजिक परिर्वतन का सशक्त माध्यम है। इसलिए हमें इस दिशा में पहले प्रयास करना चाहिए और इस कार्यक्रम के माध्यम से हम संकायों को प्रशिक्षित कर इस दिशा में समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहें है। इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. रीमारानी दास, समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी शिक्षक तथा समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले और आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**समाज इवेंट**

## अग्रवाल सभा का 4 और 5 अप्रैल को आयोजन



**भिलाई।** अग्रवाल समाज दुर्ग के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार कर विचार-मंथन किया गया। बैठक में अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के नेतृत्व में किशन अग्रवाल, बिसंभर अग्रवाल, सतपाल अग्रवाल, डॉ. नीरज अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल एवं उनकी टीम मौजूद रही। बैठक में 4 और 5 अप्रैल को रायपुर में आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन, अग्र धरोहर एवं अग्र मंथन कार्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अध्यक्ष विजय अग्रवाल और उनकी टीम ने इन तीनों कार्यक्रमों के उद्देश्य, रूपरेखा तथा समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों से अधिकाधिक सहभागिता का आग्रह किया। श्री अग्रवाल ने दुर्ग में समाज की बैठक में महिला मंडल, पूर्व अध्यक्षों एवं संरक्षकों की सक्रिय उपस्थिति की सराहना की। बैठक में संजय गर्ग, विमल राजगढ़िया, गिरीश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नवल अग्रवाल, शरद गर्ग, पिंटू अग्रवाल और मनोज अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- समाज के आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार कर विचार-मंथन किया गया

संरक्षक मंडल से कमल रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रूंगटा, महिला मंडल की संरक्षिका आरती अग्रवाल, अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, वंदना गुप्ता, कविता रूंगटा, तृप्ति अग्रवाल, नीतू अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज दुर्ग के अन्य पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया और महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने समाजजनों से 4 और 5 अप्रैल को रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज की एकता और संगठन की मजबूती को सुदृढ़ करने की बातें कही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मुरारी अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।

● 22वें दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग इकाई का वार्षिक मिलन का आयोजन

# महिलाओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार को बढ़ावा देने दिया जोर

भिलाई। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग का 22वां वार्षिक मिलन समारोह कूर्मि भवन दुर्ग में आयोजित किया गया। इस दौरान महिला केंद्रीय अध्यक्षों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर समाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति दी। मेंहदी, रंगोली और कुर्सी दौड़ सहित कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गय। इस अवसर पर मुख्य रूप से केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग, बिरेंद्र कुमार देशमुख नाड़ी वैद्य, योगेंद्र बेलचंदन केंद्रीय अध्यक्ष दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छग, केशव बंटी हरमुख केंद्रीय उपाध्यक्ष, ललित देशमुख केंद्रीय महामंत्री, दिलीप देशमुख केंद्रीय कोषाध्यक्ष, प्रीति देशमुख केंद्रीय महिला अध्यक्ष, हेमंत देशमुख केंद्रीय युवा अध्यक्ष उपस्थित थे।







### सालभर के कार्यों का दिया विवरण और नई योजनाओं पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक ध्वजारोहण और छत्रपति शिवाजी महाराज और दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत कर नगर इकाई दुर्ग के अध्यक्ष राकेश हरमुख ने अपने उद्बोधन में समाज द्वारा पूरे वर्ष किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। सचिव राकेश देशमुख ने अपने प्रतिवेदन में नगर इकाई द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों एवं नवगठित कल्याण समिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देशमुख ने आय व्यय की जानकारी दी। महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख ने प्रतिवेदन वाचन किया।

### समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद करने का अवसर

इस अवसर पर विधायाक ललित चंद्राकर ने समाज की एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास पर बल देते हुए कहा कि समाज को संगठित होकर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना चाहिए। प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि समारोह केवल सभा नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद करने का अवसर है। एक सशक्त समाज तभी बनता है जब हम अपनी संकीर्णता को पीछे छोड़कर एक साथ आये। विशेष अतिथि योगेंद्र बेलचंदन ने कहा कि समाज की असली ताकत उसकी एकता में निहित है।

### प्रतियोगिता में विजेता हुए पुरस्कृत

इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम हर्षिता देशमुख, द्वितीय मान्या हरमुख विजेता रही। महिलाओं के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान केवरा देशमुख, द्वितीय सुनीता देशमुख, तृतीय स्थान पर चित्रलेखा रही।

### युवा साथी समाज की रीढ़ है

केंद्रीय युवा अध्यक्ष हेमंत देशमुख ने कहा कि युवा साथी समाज की रीढ़ है आप नई तकनीक, नई सोच और नई ऊर्जा लेकर आते हैं। युवा समाज के उत्थान में अपना योगदान जरूर दें। मंच का संचालन खिलेश्वर देशमुख ने किया। कार्यक्रम में सलाहकार पंकज बेलचंदन, दीपेंद्र देशमुख, उत्तम देशमुख, उपाध्यक्ष अतुल देशमुख, सहसचिव खिलेश्वर देशमुख, दुर्ग इकाई युवा अध्यक्ष नवनीत देशमुख, उपाध्यक्ष लिलेश्वर देशमुख, सचिव नवीन देशमुख, कोषाध्यक्ष गोकुल देशमुख, सहसचिव मानसिंह देशमुख, महिला सलाहकार अमिता हरमुख, नंदनी देशमुख, चुन्नी देशमुख, उपाध्यक्ष सुनीता देशमुख, सचिव रुक्मणी देशमुख, कोषाध्यक्ष लीला देशमुख, सहसचिव कविता देशमुख और अश्वनी शुकतेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कल्पना देशमुख, मंजू देशमुख, अर्चना हरमुख, शीला बेलचंदन, रेणुका देशमुख, तिलोतमा देशमुख, जागृति देशमुख, भारती देशमुख, टिकेश्वरी देशमुख, खुशबू बेलचंदन, अनिता हरमुख, जयंती गौतम, अनिता दिल्लीवार, पिंकी देशमुख, संध्या देशमुख सहित स्वजातिय जन उपस्थित थे।

**धर्म लाइव**

## राजभाषा विभाग में सस्मरणों से किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में राजभाषा गतिविधियों के अंतर्गत संस्मरण-प्रस्तुति काआयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा थे। महाप्रबंधक राजेश साहू ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी शांत, संयमित एवं सकारात्मक व्यवहार बनाए रखता है। सम्पदा, नगर विद्युत अभियांत्रिकी, शिक्षा, जनस्वास्थ्य तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों के प्रतिभागियों ने संस्मरण प्रस्तुत किए। प्रथम पुरस्कार उप प्रबंधक नन्द किशोर बोरकर व द्वितीय पुरस्कार एजीएम पीएस सिदार तथा व डॉ. शीतल चन्द्र शर्मा को दिया गया। तृतीय आर. शेषाद्रि रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक हिंदी समन्वय अधिकारी मुकुन्द दास मानिकपुरी ने किया।

**नवधा रामायण**

## भरत मिलाप और चित्रकूट गमन के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



**भिलाई।** नेहरू नगर भिलाई स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित नवधा रामायण में पाठ करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही हैं। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गुंजयमान हैं। जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया हैं। नवधा रामायाण पाठ के पांचवें दिन बुधवार को भरत मिलाप एवं चित्रकूट वन गमन के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जोधपुर राजस्थान से पधारे रामायण पाठकर्ता प्रसिद्ध पंडित गिरधर गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा के श्रीमुख से जैसे ही सामूहिक रामायण पाठ के वाचन के दौरान भरत मिलाप का मार्मिक पाठ आया, वैसे ही पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा, करुणा और भक्तिभाव से सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। लगभग 1500 से अधिक रामभक्तों द्वारा बुधवार को एक साथ बैठकर रामचरितमानस का पाठ किया गया। जो अपने आप में एक अद्भुत और दुर्लभ आध्यात्मिक दृश्य रहा सामूहिक पाठ के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और भक्ति का जो संगम देखने को मिल रहा है, वह पूरे शहर के लिए प्रेरणादायक है। भरत का त्याग, उनका भाई प्रेम और प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण का प्रसंग सुनकर हर हृदय भावविभोर हो उठा।

चित्रकूट वन गमन के प्रसंग में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास जीवन की झलकियों ने श्रद्धालुओं को धर्म, त्याग और कर्तव्य की प्रेरणा दी। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा, प्रेम और कर्तव्य का पालन ही सच्चा धर्म है। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा, बंशी अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, सुधीर अग्रवाल, ललित सक्सेरिया, प्रहलाद रूंगटा, विशम्भर अग्रवाल, रवि पीडियार, नवल अग्रवाल, दिनेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल,संतोष रुंगटा, दिलीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष गुलाटी, विकास सिंघल, सुरेश जैन, मनीष पाण्डेय, रवि प्रकाश पाण्डेय, विजय गुप्ता, खेमचंद मध्यानी, कांतिलाल शर्मा, अशोक सिंघल, राम भगत अग्रवाल के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**खेलकूद**

## शहीद कप के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने लगाए चौके



**भिलाई।** भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में शहीदों की स्मृति में शहीद कप का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे दिन 24 फरवरी को कई मैच खेले गए जिसमें खिलाड़ियों ने चौके छक्के लगाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बृजेश बिचपुरिया ने टॉस करवाकर मैच की शुरूआत करवाई। मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह भी देखने लायक था। हर चौके-छक्के और विकेट पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठता था। मैच के समापन पर अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शहीद कप का यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और युवा शक्ति का उत्सव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए "जय हिंद" के उद्घोष के साथ आयोजन का समापन किया। यह आयोजन एचएमजीएम जन सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश पांडे और विनय टंडन के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथि बृजेश बृजपुरिया ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकता और अनुशासन की भावना को भी सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर रोहन मून (अध्यक्ष, शिवजी अर्पण सेवा समिति), अमित मिश्रा (प्रदेश प्रमुख, आई.टी. सेल, भाजपा युवा मोर्चा), नवीन सिंह (कैंप मंडल अध्यक्ष) एवं मोहनिश काले (जिला कोषाध्यक्ष) व समिति के सदस्य रिंकू तिवारी, समीर, रवि, तरुण, आयुष, हितेश, शिवांत, जतिन, शेषु, इनायत, हिमांशु, पलक, बल्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समाज इवेंट**

## जिला अस्पताल में 100 से महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण



**भिलाई।** सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए नेहरू नगर गुरुद्वारा स्त्री सतसंगत की महिला टीम ने दुर्ग जिला चिकित्सालय के मातृत्व विभाग में भर्ती 100 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए।

- नेहरू नगर गुरुद्वारा स्त्री सतसंगत की पहल

यह पहल स्त्री सतसंगत की प्रधान मनजीत कौर के नेतृत्व में की गई। उनके साथ रंजीत कौर, नरेंद्र कौर, मनप्रीत कौर, बरजिंदर कौर, शम्मी कौर सूरी और कमलजीत कौर बक्शी मौजूद रहीं। टीम ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड में पहुंचकर भर्ती महिलाओं से मुलाकात की और आवश्यक सामग्री सौंपी। सिख परंपरा में सरबत का भला यानी सबकी भलाई का संदेश दिया गया है। उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए यह सेवा कार्य किया गया। वितरण के दौरान कई महिलाओं ने आभार जताया। अस्पताल के महिला स्टाफ और नर्सों को भी सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए। अस्पताल प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की। सामाजिक संगठनों की ऐसी भागीदारी से जरूरतमंद महिलाओं को सीधी मदद मिलती है और स्वच्छता को लेकर जागरूकता भी बढ़ती है।

**भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में स्पोर्ट्स एक्टिविटी का हुआ आयोजन**

## पारंपरिक खेल पिट्ठुल, गोली-चम्मच, सुई-धागा, रस्सी और बिस्किट दौड़ में बने विजेता, टीम भावना से खेलों को किया इंजाय

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बी एड चौथे सेमेस्टर की छात्राओं के लिए स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस एक्टिविटी में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल पिट्ठुल, गोली-चम्मच, सुई-धागा, म्यूजिकल दौड़, रस्सी दौड़, बिस्किट दौड़, आलू दौड़ जैसे कई खेल खेले गए। सभी में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल मिट्टी से जुड़े और शारीरिक, मानसिक मजबूती देने वाले होते है। ये खेल बिना किसी खर्च के प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग करके खेला जाता है और ये खेल ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न अंग है।




### खेलने से अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ जीवन शैली का विकास

शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुआयामी भूमिका निभाते है।छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल यहां की समृद्ध संस्कृति और ग्रामीण जीवन शैली को दर्शाती है। खेलने से छात्राओं में अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ जीवन शैली का विकास होता है। पिट्ठुल खेल में ग्रुप बी विजेता रही। जिसमें तृप्ति साहू, ख़ुशबू मार्कण्डेय, रानू, मोहरमानिया, इंदु, मीनल, राधिका, ख़ुशबू भुआर्य, भूमि साहू, सीमा, रोशनीला, धनमनी विजेता रही।



### विभिन्न प्रतियोगिताओं में रहे विजेता

गोली-चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम अस्मिता दूबे, द्वितीय सरिता, तृतीय स्थान पर सीमा और सांत्वना पुरस्कार अदिति मौर्य को दिया गया। सुई-धागा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम संयुक्त रूप से मोहरमनिया और रानू देवांगन, द्वितीय सीमा, आराधना और तृतीय स्थान पर तारनी साहू व योगेश्वरी रही। रस्सी कूद में प्रथम प्रियंका सिंह, म्यूजिकल दौड़ में प्रथम गीतांजली, द्वितीय सुमन, तृतीय मोहरमानिया और सांत्वना पुरस्कार काजल सुधाकर को मिला। बिस्किट दौड़ में प्रथम अस्मिता दूबे, द्वितीय भूमि साहू, तृतीय खुशबू सरोज रही। आलू दौड़ में प्रथम अस्मिता दूबे, सीमा, द्वितीय अदिति मौर्य, रोशनीला और तृतीय स्थान पर राधिका, इंदु, पूर्णिमा साहू रही।

# सिटी स्पोर्ट्स

## महिला क्रिकेट में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को हराया



**भिलाई।** महिला अंडर-23 एक्सपोज़र मुकाबले में तीन मैच की श्रृंखला जारी है। यहां दूसरे मैच में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से पराजित किया। बल्लेबाजी छत्तीसगढ़ टीम 160 रन पर आउट हुई। जिसमें मिताली शर्मा ने 71 रन, मांनश्री मौर्य ने 18 रन, आंशी अग्रवाल ने 16 रन और यति शर्मा ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में ओडिसा की लॉरेंस ने तीन विकेट, ज्योति प्रसाद , प्रार्थना, सुष्मिता, पूजा दास एवं एम शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। दो खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में ओडिशा के एक विकेट पर 161 रन हुए। इनमें सुलगना नायक ने नॉट आउट 88 रन, डी राउत राय ने नॉट आउट 50 रन और पूजा दास ने 22 रन बनाएं। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की शांति बघेल ने एक विकेट लिया।

## एलिट ग्रुप के दूसरे दौर के मैच आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप 4 दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मैच 26 फरवरी से 1 मार्च तक चलेंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर, दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा, आरडीसीए रायपुर में सरगुजा विरुद्ध राजनंदगांव और न्यू ग्राउंड कांकेर में बिलासपुर ब्लू विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मैच खेले जाएंगे।

## इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में सीएससीएस से 2 खिलाड़ी तथा ट्रेनर का चयन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा 5 मार्च से बैंगलोर में सीनीयर वुमेंस इंटर जोनल वनडे ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में नार्थ, साउथ, सेन्ट्रल, नार्थ इस्ट, वेस्ट तथा ईस्ट जोन की टीम हिस्सा ले रहीं है। जिनमें संपूर्ण भारत के चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगें। बीसीसीआई द्वारा सेन्ट्रल जोन की टीम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से 3 सदस्यों का चयन किया गया है। चयनित सदस्य में कृति गुप्ता, महक नरवसे खिलाड़ी और शिवा कोठारी ट्रेनर शामिल हैं। उक्त खिलाड़ी तथा सहायक स्टॉफ प्रतियोगिता में सेन्ट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेगें। सेन्ट्रल जोन के मैच में 5 मार्च विरुद्ध ईस्ट जोन,7 मार्च विरुद्ध साउथ जोन, 9 मार्च विरुद्ध नार्थ ईस्ट जोन,11 मार्च विरुद्ध नार्थ जोन, 13 मार्च विरुद्ध वेस्ट जोन होंगे।

## शुभम और मयंक बने किकबॉक्सिंग के मैच रेफरी



**रायपुर।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ीयो के विकास हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग स्तर पर प्रतियोगिताओ का आयोजन कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुद्वान ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में अस्मिता खेलो इंडिया ईस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 फरवरी तक सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। जिसमें ईस्ट जोन से पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, नागालैंड , झारखंड एवं अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग लेगी। उक्त प्रतियोगिता को संपादित करने हेतु वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से क्वालीफाइड रेफरी का चयन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के कोरबा के सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी से शुभम यादव एवं मयंक डड़सेना का चयन हुआ है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल प्रभारी आर के साहू, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष बलराम विश्वकर्म ने हर्ष जताया है।

# अपनी इम्यूनिटी बढ़ाना गलत नहीं लेकिन सावधान रहें इन आदतों से

आज के व्यस्त जीवन में हर कोई स्वस्थ और रोगमुक्त रहने की चाहत रखता है। इसके लिए इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी है। हम अक्सर अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए कई तरह के घरेलू उपाय, सप्लीमेंट्स और डाइट प्लान अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें और आदतें, जिन्हें हम सेहतमंद मानते हैं, वास्तव में हमारी इम्यूनिटी को कमजोर कर सकती हैं?

आइए जानते हैं उन सामान्य आदतों और खाद्य पदार्थों के बारे में, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना सकते हैं, और यह भी समझें कि उनसे कैसे बचा जा सकता है।



### अधिक मात्रा में जिंक का सेवन – फायदेमंद या नुकसानदायक?

कोविड-19 महामारी के बाद जिंक सप्लीमेंट्स का उपयोग अचानक बढ़ गया। इसे इम्यूनिटी बूस्टर माना गया, और लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने लगे। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट रिद्धि खन्ना के अनुसार, जिंक की अधिक मात्रा हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

जिंक के अत्यधिक सेवन से शरीर में आयरन और कॉपर जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स का अबशॉर्पशन (अवशोषण) प्रभावित होता है। खासकर कॉपर, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, की कमी हो सकती है। इसीलिए, बिना डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह के जिंक सप्लीमेंट्स लेने से बचें। अगर जरूरी हो, तो इसकी मात्रा सीमित रखें।

### हेल्दी फैट्स की अनदेखी



फैट्स का नाम सुनते ही हम अक्सर इसे अपने डाइट से निकालने की सोचने लगते हैं, खासकर जंक फूड और अधिक तैलीय खाने के इस दौर में। लेकिन सभी फैट्स खराब नहीं होते। वास्तव में, कुछ हेल्दी फैट्स हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

सैचुरेटेड फैट्स (जैतून का तेल, एवोकाडो और कुछ मेवे) और पॉलीसैचुरेटेड फैट्स (मछली, चिया बीज, अखरोट) में पाए जाने वाले ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं। इसलिए, पूरी तरह से फैट्स को नजरअंदाज करने की बजाय, हेल्दी फैट्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### फलों और सब्जियों को जरूरत से ज्यादा धोना

फलों और सब्जियों को धोकर खाना एक अच्छी आदत है, लेकिन जरूरत से ज्यादा धोना या उन्हें रगड़कर उनकी बाहरी परत को हटा देना भी नुकसानदेह हो सकता है। ऐसा करने से उनमें मौजूद जरूरी पोषक तत्व और प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स कम हो सकते हैं। इसीलिए, फलों और सब्जियों को हल्के गुनगुने पानी से धोएं और सीधे उपयोग करें। जरूरत से ज्यादा साफ-सफाई से बचें।



### अत्यधिक व्यायाम – लिमिट का रखें ध्यान

वजन कम करने या फिट रहने की चाह में कई बार हम जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने लगते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, ओवरएक्सरसाइजिंग शरीर पर दबाव डालती है और इम्यून सिस्टम को कमजोर करती है।

संतुलित व्यायाम ही इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक होता है। सप्ताह में 4-5 दिन, 30-40 मिनट तक मध्यम व्यायाम करना पर्याप्त है। इसके साथ ही शरीर को पर्याप्त आराम दें।

### जरूरत से ज्यादा सप्लीमेंट्स का सेवन

आजकल बाजार में इम्यूनिटी बूस्टर के नाम पर ढेरों सप्लीमेंट्स उपलब्ध हैं। लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इन्हें खरीदकर उपयोग करने लगते हैं। लेकिन अधिक मात्रा में सप्लीमेंट्स लेने से शरीर में मिनरल्स और विटामिन्स का असंतुलन हो सकता है।

# जले हुए पैन को चमका सकती है प्याज की यह ट्रिक

जला बर्तन साफ करने में खूब मेहनत लगती है। लेकिन, क्या आप जानती हैं प्याज की एक ट्रिक से जला पैन साफ किया जा सकता है? अगर नहीं, तो आइए यहां डिटेल से इस बारे में जानते हैं।

चाइनीज या तली-भुनी चीजें बनाते समय पैन या बर्तन का जलना आम समस्या है। जलने की वजह से पैन या बर्तन की सतह पर कालापन आ जाता है। इससे पैन या बर्तन की केवल खूबसूरती ही नहीं खराब होती है, बल्कि अगली बार खाना पकाने पर स्वाद भी बिगड़ सकता है। ऐसे में जले पैन या बर्तन की सफाई करना जरूरी हो जाता है। जले पैन या बर्तन की सफाई करना एक मुश्किल काम हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई बार घिसने पर भी जले पैन या बर्तन की सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे में प्याज आपकी मदद कर सकता है। जी हां, प्याज में ऐसे एसिडिक और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बर्तन के कालेपन और जले निशानों को हटाने में मदद कर सकते हैं। आइए, यहां जानते हैं कि प्याज से किस तरह जला बर्तन या पैन साफ किया जा सकता है।

### प्याज की इस ट्रिक से क्लीन कर सकती हैं जला पैन

जले बर्तन की सफाई और प्याज में क्या कनेक्शन है, यह सोचकर अगर आप कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपना जला पैन साफ करना चाहती हैं, तो सबसे पहले एक प्याज लें और उसके छिलके निकाल लें। प्याज छिलने के बाद उसे बारीक या मोटा अपनी पसंद से काट लें। अब जला पैन या बर्तन में पानी डाल दें और गैस पर गर्म होने के लिए छोड़ दें। गर्म पानी में प्याज के कटे टुकड़े और कुछ छिलकों को डाल दें। प्याज डालने के बाद आप चाहें तो एक से दो चम्मच व्हाइट विनेगर भी पानी में डाल सकती हैं। अब प्याज और सिरके के इस घोल को 5 से 7 मिनट के लिए उबलने दें। जब आपको लगे कि पानी उबलकर आधा या उससे कम हो गया है, तो छिलके और प्याज को बाहर निकाल लें। आखिरी में पैन या बर्तन की साबुन और पानी से नॉर्मल सफाई करें।



### प्याज की पेस्ट भी कर सकती है क्लीनिंग में मदद

जला पैन या बर्तन साफ करने में प्याज की पेस्ट भी आपकी मदद कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले एक प्याज लें और उसे कद्दूकस कर लें या फिर बारीक काट लें। अब प्याज को थोड़े से पानी के साथ पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।

### एल्युमिनियम फॉयल वाला यह ट्रिक आ सकता है काम

प्याज के पेस्ट को एक टूथब्रश या फोम स्क्रब की मदद से जले पैन या बर्तन पर अच्छी तरह से लगा दें। प्याज की पेस्ट को कम से कम 1 से 2 घंटे के लिए बर्तन पर लगाकर छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद पैन की सफाई गर्म पानी और साबुन से की जा सकती है।

प्याज और विनेगरः प्याज की पेस्ट से क्लीनिंग को असरदार बनाने के लिए आप व्हाइट विनेगर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए प्याज की पेस्ट बनाने के बाद उसमें एक से डेढ़ चम्मच व्हाइट विनेगर डालकर मिक्स कर दें। अब प्याज और विनेगर की पेस्ट से भी जले बर्तन या पैन की सफाई की जा सकती है।

# इफ्तार के लिए जानिए खास पकवानों की रेसिपी



अगर आप भी इस रमजान में अपने इफ्तार मेनू को खास बनाना चाहती हैं, तो आपको खास और आसान पकवानों की रेसिपी जरूर जानना चाहिए। इन्हें आप आसानी से बना सकते हैं। ये पकवान आपके इफ्तार को और भी खास बना देंगे, और साथ ही परिवार और मेहमानों को खुश कर देंगे।

### खजूर और पिस्ता की खीर

खजूर और पिस्ता की खीर रमजान के दौरान एक बेहतरीन डेसर्ट हो सकता है। ये ना केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि शरीर को आवश्यक ऊर्जा भी देती है। इसे बनाने के लिए दूध, खजूर, पिस्ता, और चीनी की जरूरत होगी।

### पकोड़ी

यह एक क्लासिक इफ्तारी डिश है जो खासतौर पर रमजान में बनाई जाती है। बेसन, प्याज और मसालों के साथ बनाई जाने वाली पकोड़ी खाने में बेहद स्वादिष्ट होती है। आप चाहें तो पनीर की पकोड़ी भी बनाकर परिवार वालों को सर्व कर सकते हैं। इसे टमाटर की चटनी के साथ परोसा जा सकता है।

### दम बिरयानी

बिरयानी का स्वाद रमजान में खास होता है। यदि आप दम बिरयानी बनाएंगे तो ये आपके इफ्तार को और भी लाजवाब बना देगा। इसे चिकन या मटन के साथ बनाया जा सकता है, जो खाने में स्वादिष्ट और मसालेदार होती है। आप चाहें तो वेज बिरयानी बनाकर भी उसका लुत्फ उठा सकते हैं।



# जिंदगी बचा सकता है सीपीआर, पीड़ित पर इसे देने से पहले जरूर परख लें

कार्डियक अरेस्ट के तुरंत बाद कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दी जाती है। यह एक आपातकालीन जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। सीपीआर देना जीवन रक्षक साबित हो सकता है। मगर सीपीआर देने से पहले मरीज में कुछ चीजों का जांच करना बहुत जरूरी होता है, जिससे ये कंफर्म किया जा सके कि मरीज को सीपीआर की जरूरत है भी या नहीं। सीपीआर एक जीवनरक्षक आपातकालीन प्रक्रिया है जो ह्रदय गति रुकने पर शरीर में ब्लड सर्कुलेशन और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखने में मदद कर सकती है। सही समय पर दी गई सीपीआर अस्पताल पहुंचने से पहले मरीज के जीवित बचने की संभावना को कई गुना बढ़ा सकती है। डॉ. सुरभि छाबड़ा ने जीवन रक्षक तकनीक 'सीपीआर' के बारे में एक बड़ा और जरूरी सुझाव दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीपीआर देने से पहले यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है कि मरीज को वास्तव में इसकी आवश्यकता है भी या नहीं।



अक्सर घबराहट में लोग बेहोश पड़े हर व्यक्ति को सीपीआर देना शुरू कर देते हैं, जो कि डॉ. सुरभि के अनुसार मरीज के लिए नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। डॉ. छाबड़ा ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को सीपीआर देने से पहले 'एबीसी' फॉर्मूले की जांच करना जरूरी है। यह तीन चरणों वाली प्रक्रिया बताने में मदद करती है कि क्या व्यक्ति का दिल या सांस वास्तव में रुक गई है। सही पहचान के बिना दी गई चेस्ट कंप्रेशन (छाती दबाना) मरीज की पसलियों या आंतरिक अंगों को चोट पहुंचा सकती है।

### 'ए' यानी एयरवे

डॉ. सुरभि के अनुसार, एबीसी फॉर्मूले में सबसे पहला चरण 'ए' यानी एयरवे की जांच करना है। जब कोई व्यक्ति अचानक गिर जाए या बेहोश हो जाए, तो सबसे पहले यह देखें कि उसका वायु मार्ग खुला है या नहीं। कई बार गले में कुछ फंसने या जीब के पीछे की ओर गिरने के कारण सांस का रास्ता रुक जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज का सिर थोड़ा पीछे झुकाएं और उसकी ठुड्डी को ऊपर उठाएं। यह क्रिया सांस की नली को सीधा करने और हवा के प्रवाह के लिए रास्ता साफ करने में मदद करती है। अगर वायु मार्ग अवरुद्ध है, तो सीपीआर देने का कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि ऑक्सीजन फेफड़ों तक पहुंच ही नहीं पाएगी।

### 'बी' यानी ब्रिदिंग

एबीसी प्रक्रिया का दूसरा महत्वपूर्ण चरण 'बी' यानी ब्रिदिंग है। डॉ. छाबड़ा ने सुझाव दिया कि मरीज के पास अपना कान ले जाएं और उसकी सांसों की आवाज सुनने की कोशिश करें। साथ ही अपनी नजरें मरीज की छाती पर रखें और देखें कि क्या वह ऊपर-नीचे हो रही है। अगर व्यक्ति सामान्य रूप से सांस ले रहा है, तो उसे सीपीआर की आवश्यकता नहीं होती है। अक्सर लोग सामान्य बेहोशी या 'मिर्गी' के दौरे में भी सीपीआर देने लगते हैं, जो गलत है।



कार्नर न्यूज

## करियर बदलना हो तो इन टिप्स पर जरूर ध्यान दें

# स्मार्ट तरीके को अपनाकर स्विच करें करियर जीवन में नहीं होगी पैसों की कोई भी परेशानी

अमूमन जब हम अपना करियर स्विच करते हैं तो उस दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी होती है। हालांकि, अगर आप स्मार्ट तरीका अपनाते हैं तो ऐसे में आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि वे अपने करियर को लेकर संतुष्ट नहीं होते हैं। कभी वे अपने काम के साथ खुश नहीं होते हैं तो कभी करियर ग्रोथ व उस फील्ड में भविष्य उन्हें निराश करता है। ऐसे में वे अपना करियर बदलने पर विचार करते हैं। करियर बदलना यकीनन एक बड़ा फैसला है। हालांकि, जब भी हम करियर बदलने के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहले हमें पैसों की चिंता सताने लगती है। हमें ऐसा लगता है कि करियर बदलने और सफल होने के बीच फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पर गहरा असर पड़ेगा।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि जब आप किसी नई फील्ड में खुद को स्थापित करने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं, उस समय आपको मनचाही सैलरी नहीं मिलती। ऐसे में करियर स्विच के दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी का सामना करना ही पड़ता है। अगर आप भी करियर स्विच करना चाह रहे हैं तो यकीनन आपके मन में इस तरह की दुविधाएं जरूर होंगी। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपको करियर स्विच करते समय पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा-



### करें फाइनेंशियल प्लानिंग

जब आप करियर स्विच करने का प्लान कर रहे हैं, तो ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि सबसे पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूर करें। इसके लिए आप सबसे पहले एक इमरजेंसी फंड बनाएं। यह सुनिश्चित करें कि कम से कम 6 महीने के रहने के खर्च के बराबर आपके पास बचत हो। इसके अलावा, आप अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। जिससे आप अपनी बचत के आधार पर ही अपना खर्च आसानी से चला सकें।

### ना छोड़ें नौकरी

जब आप नए करियर में स्विच कर रहे हैं तो एकदम से नौकरी छोड़ने की गलती ना करें। अगर आप एक प्लानिंग के साथ आगे बढ़ते हैं तो इससे आपके लिए चीजें अधिक आसान होंगी। मसलन, आप पहले अपने करियर की जरूरतों को समझते हुए ऑनलाइन कोर्स करें। साथ ही साथ, वर्कशॉप्स व नेटवर्किंग इवेंट्स का हिस्सा बनें। लेकिन इस दौरान अपनी नौकरी करते रहें। इससे आप धीरे-धीरे नई फील्ड में अपनी पैठ आसानी से बना पाएंगे और आपको पैसों से जुड़ी परेशानी भी नहीं होगी।

### पार्ट टाइम जॉब का चुनें रास्ता

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपका करियर काफी डिमांडिंग हैं और ऐसे में आपको नई फील्ड में खुद को स्थापित करने के लिए जॉब छोड़नी ही पड़ेगी तो ऐसे में आप कमाई के नए रास्ते ढूंढने का प्रयास करें। मसलन, आप पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं या फिर अपने अनुभव के आधार पर फ्रीलांसिंग वर्क भी कर सकते हैं। इस तरह आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा और साथ ही साथ आप अपना करियर भी आसानी से स्विच कर पाएंगे।

### सही समय पर करें स्विच

करियर स्विच करना एक बड़ा फैसला है और करियर स्विच करने के बाद आपको आर्थिक या मानसिक रूप से परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि आप सही समय पर स्विच करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्टार कलाकार जेसन ने की किंग खान की तारीफ, पहली मुलाकात को भी किया याद



बॉलीवुड के किंग ऑफ रोमांस यानी शाहरुख खान की पॉपुलर्टी सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है। अन्य देशों में भी आम लोगों से लेकर स्टार्स तक शाहरुख की एक्टिंग के कायल हैं। इसी में एक नाम है एक्वामैन फेम हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ का। जेसन ने शाहरुख खान की जमकर तारीफ की है और उन्हें खुद से बेहतर एक्टर बताया है।

अपनी आगामी फिल्म 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने पिंकविला से बातचीत में शाहरुख की तारीफ की है। शाहरुख से अपनी मुलाकात के बारे में बात करते हुए जेसन ने कहा कि हां, वह बहुत हैंडसम हैं। जब जेसन से पूछा गया कि पहली मुलाकात में दोनों ने किस बारे में बात की, तो उन्होंने कहा कि हम दोनों आपसी दोस्त और एक-दूसरे के काम के प्रशंसक हैं। वह बहुत ही प्यारे इंसान हैं। वह बेहद विनम्र थे। वह मुझसे बेहतर अभिनेता और कलाकार हैं। इसलिए यह आपसी सम्मान की बात थी। जेसन मोमोआ के करियर की बात करें तो 1999 में टीवी शो बेवॉचः हवाई से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने 2011 में गेम ऑफ थ्रोन्स के पहले सीजन में खाल ड्रोगो का किरदार निभाया। यहां से उन्हें काफी पॉपुलर्टी मिली। इसके बाद उन्हें डीसी एक्सटेंडेड यूनिवर्स में एक्वामैन के रूप में कास्ट किया गया, जहां उन्होंने जस्टिस लीग और अपनी खुद की फिल्म में यह भूमिका निभाई, साथ ही शो पीसमेकर में एक कैमियो भी किया। हाल के वर्षों में, मोमोआ ने टीवी शो फ्रंटियर, सी और चीफ ऑफ वॉर में अभिनय किया है। साथ ही ड्यून और फास्ट एक्स जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में सपोर्टिंग या खलनायक की भूमिकाएं भी निभाई हैं।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू ने जारी किया 'नागाबंधम' का टीजर, महादेव के अवतार में दिखें विराट



अभिषेक नामा की फिल्म 'नागबंधम' का टीजर जारी कर दिया गया है। सुपरस्टार महेश बाबू ने इसकी खास झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीजर से पहले फिल्म का पोस्टर दर्शकों को बेहद पसंद आया था।

नागबंधम एक आगामी बड़े बजट की तेलुगु पौराणिक ड्रामा फिल्म है और यह अभिषेक नामा के निर्देशन में बनी दूसरी फिल्म है। फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में हैं। इसका टीजर आज महाशुवरात्रि के शुभ अवसर पर सुपरस्टार महेश बाबू ने जारी किया है। महेश बाबू ने फिल्म 'नागबंधम' का टीजर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। 'नागबंधम' के टीजर में महादेव के रूप में विटार कर्ण का किरदार फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। 'नागबंधम' इस साल 2026 की गर्मियों में दुनियाभर में रिलीज होगी। टीम 'नागबंधम' ने सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस फिल्म का निर्देशक अभिषेक नामा ने किया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। विराट के अलावा फिल्म में नाभा नतेश, ऐश्वर्या मेनन, महेश मांजरेकर, जगपति बाबू और बाकी कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म की कहानी, पटकथा और निर्देशन अभिषेक नामा का है। इस फिल्म का निर्माण एनआईके स्टूडियो और अभिषेक पिक्चर्स के तहत किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने किया है। ढाई मिनट से अधिक की अवधि वाले इस टीजर में कोई डायलॉग नहीं है, फिर भी यह शुरू से आखिर तक दर्शकों को बांधे रखता है। यह हिमालय की गहराई में दबे अनंत पद्मनाभस्वामी के एक अनमोल खजाने की ओर इशारा करता है।

### भोजपुरी

## पब्लिक के बीच धूम मचा रहा गोल्डी और प्रिया का गाना 'बोलिया लागे गोलिया'



भोजपुरी सिने जगत में वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के एमडी रत्नाकर कुमार ने भोजपुरी में देसी गाने, पारंपरिक गाने, भोजपुरी कल्चर से जुड़े गाने बनाकर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में मिसाल कायम किया है और नई दिशा दिया है। ऐसे में भोजपुरी सिंगर गोल्डी यादव की खूबसूरत आवाज म गाया हुआ और एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा की अदाकारी से सजा हुआ भोजपुरी लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को सिंगर गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाकर सबका मन मोह रही हैं। वहीं इस गाने के वीडियो में एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा देसी ठुमका लगाकर बिजली गिरा रही हैं। उनका शानदार परफॉर्मेंस देखते ही बन रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा को ससुराल में सास, देवर, ननद बहुत परेशान करते हैं, जिससे तंग आकर प्रिया अपने मायके चली जाती है और अपने पति को फोन पर अपनी आप बीती बयां करते हुए कहती है कि'सास देले गारी, देवर मारे ताना, जाके बाहर रहातारा ये हो मर्दाना, सुने गांव टोलिया राजा, ननदो के बोलिया राजा, लागेला गोलिया राजा'

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर गोल्डी यादव ने बुलंद आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा ने कमाल की एक्टिंग की है।

### मैक्सी डाउन जैकेट

बीत रहे सर्दियों के दिनों में शॉर्ट्स के उलट भारी मैक्सी डाउन जैकेट एक अच्छा विकल्प है। अभी गर्मी बहुत तीखी नहीं हुई है और ठंड भी कायम है। ऐसे में मैक्सी डाउन जैकेट पहनकर गर्म और कम तापमान से सुरक्षित रह सकते है। पैटर्न की बात करें तो इसमें चटक रंगों और आउटवियर डिटेल्स में आराम को पफ्ड-अप एस्थेटिक के साथ मिलाया गया है।



लाइफ स्टाइल

## सफेद कपड़ों के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये शेड्स, हर स्किन टोन के लिए रहेंगे बेस्ट

फैशन ट्रेंड में सफेद कलर के कपड़ों को काफी पसंद किया जाने लगा है। वहीं इस कलर के साथ अक्सर हम लिपस्टिक का सही शेड चुनते समय काफी बार कंफ्यूज हो जाते हैं। लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स आपकी व्हाइट ऑउटफिट को स्टाइलिश लुक देने में सहायता करेंगे।

### ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड

सटल और ड्युई लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के लुक के साथ आप लिप्स के लिए ग्लॉसी पिंक कलर का लिप शेड चुन सकती हैं। इसके अलावा आप मैट पिंक लिपस्टिक होंठों पर लगाकर अलग से ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह शेड फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेस्ट नजर आएगा।

### चॉकलेट ब्राउन लिपस्टिक कलर

नाइट लुक के लिए बोल्ड और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का मैट



चॉकलेट ब्राउन लिप शेड आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के लिप कलर के साथ आप स्मोकी आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। कोशिश करें कि लुक को मैट में रखें तो यह देखने में काफी क्लीन और क्लासी नजर आएगा।

### मॉव पिंक कलर लिपस्टिक


ब्यूटी ट्रेंड में आजकल मॉव शेड्स को काफी सराहा जा रहा है। ब्लैक के साथ आप इसमें पिंक कलर के शेड को चुन सकती हैं। कूल टोन वाले पिंक शेड का चुनाव करें और वार्म टोन को अवॉयड ही करें। यह कलर लगभग हर तरह के स्किन टोन पर आसानी से सूट करता है।

### ब्लड रेड लिप शेड

रेड कलर देखने में काफी आइकोनिक लुक देने में मदद करता है। इसमें ब्लैक के साथ आप ब्लड रेड कलर को सकती हैं। इसके अलावा आप थोड़ा ब्लैक टोन वाले डीप रेड लिप कलर को चुन सकती हैं। कोशिश करें कि ब्लैक के साथ ब्राइट शेड ही चुनें। वहीं यह शेड आपको बोल्ड लुक में मदद करता है और लगभग हर स्किन टोन के लिए बेस्ट रहता है।

## ब्राइडल लुक पूरा होगा डायमंड ज्वेलरी के साथ, लेटेस्ट डिजाइन है आपके लिए





शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर दुल्हन अपने लिए शॉपिंग करने में बिजी है। किसी को कपड़ों की शॉपिंग करना पसंद होता है। लेकिन आजकल हर कोई अपनी ज्वेलरी पर खास ध्यान दे रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक परफेक्ट लगता है। एक्ट्रेस भी आजकल सबसे ज्यादा अपनी ज्वेलरी पर ध्यान दे रही हैं । हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की शादी हुई है, उन्होंने अपने ब्राइडल लुक के साथ डायमंड अनकट ज्वेलरी को वियर किया। आप भी ऐसे ही डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

### ग्रीन डायमंड सेट



अगर आपको एमराल्ड पहनना पसंद है लेकिन महंगे आने की वजह से आप इस डिजाइन के सेट को स्टाइल नहीं कर पा रही हैं तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ग्रीन एमराल्ड के सेट आपको मार्केट में मिल जाएंगे, जो सेम रियल डायमंड की तरह नजर आएंगे। इस तरह के सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। पीच कलर लहंगे या रेड कलर लहंगे के साथ ये अच्छा लगेगा। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 1500 से 2500 में मिलेंगे। आप चाहें तो रेंट पर भी खरीद सकती हैं।

### रेड रूबी डायमंड सेट

आजकल ग्रीन के साथ-साथ रेड कलर रूबी डायमंड सेट भी ट्रेंड में है। इसमें आपको पूरे सेट में ये डायमंड नहीं मिलेगा। सिर्फ एक पेंडेंट मिलेगा। जिससे ये सेट हैवी लगेगा। इसे आप भी अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के आर्टिफिशियल सेट आपको 1000 से 3000 रुपये में मिल जाएंगे। आप इसके साथ मैचिंग नथ और मांग टीका भी ले सकती हैं।

## कलीदार सूट में पाना चाहती हैं परफेक्ट फिटिंग तो इन बातों को न करें नजरअंदाज

सूट के कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे, लेकिन आज भी ज्यादातर हम इसे रेडीमेड खरीदने की जगह टेलर की मदद लेकर सिलवाना पसंद करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आजकल अनारकली स्टाइल कलीदार सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। हालांकि, पाकिस्तानी स्टाइल सूट में आपको काफी डिजाइन आसानी से रेडीमेड मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कालिदार सूट सिलवाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आपका लुक और बॉडी शेप परफेक्ट नजर आए।

### कलीदार सूट के लिए किस तरह के डिजाइन को चुनें?

कलीदार स्टाइल सूट का डिजाइन ज्यादातर फ्लोरल या अरेबिक डिजाइन का चुना जाता है। इसके अलावा इसके लिए लेस वर्क को काफी पसंद किया जाता है। लेस की बात करें तो इसमें चिकनकारी, गोटा-पट्टी वर्क, फ्लोरल डिजाइन, सेल्फ वर्क, किनारी लेस जैसे कई



डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क को आप नेकलाइन, घेरे, स्लिट, स्लीव्स और भी कई तरह से बॉर्डर डिजाइन बनवाने के लिए चुन सकती हैं।

## गर्मी के दिन आ रहे, जानें स्कार्फ और उनको पहनने का सही तरीका

अब चूंकि गर्मी के दिन आने ही वाले हैं, ऐसे में स्कार्फ भी बाहर निकलेंगे। वैसे, सर्दी का मफलर और गर्मी का स्कार्फ दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अगर आप मफलर पहनते हैं तो ये बताने की आवश्यकता नहीं कि इसको पहनना क्यों जरूरी है। इसको आप गमछे का फैशनेबल रूप भी समझ सकते हैं। क्योंकि हाल ही में गमछा को स्टाइलिश और मशहूर करने वाले राइटर ने भी यही कहा था, स्कार्फ एक प्रकार से गमछा ही है। दरअसल, गमछे में भी अब कई प्रकार के डिजाइन व स्टाइल आ चुके हैं। ये मल्टीपर्पज होते हैं। इसलिए इनको अपने साथ रखना ही चाहिए।

### पुरुषों के स्कार्फ कैसे होते हैं?

पुरुषों के स्कार्फ और लड़कियों के दुपट्टे में मामूली सा फर्क होता है। लड़कियों का दुपट्टा अधिक लंबा, फ्लोरल और चौड़ा होता है।जबकि स्कार्फ पुरुषों की अलग-अलग ड्रेस के हिसाब से होता है। यह रूमाल के आकार और मफलर की लंबाई का भी हो सकता है।

### लड़के स्कार्फ क्यों पहनें



हर ड्रेस को पहनने के फायदे हैं। इसे भी एक प्रकार की एसेसरीज ही समझें। स्कार्फ को पहनने के बाद लड़कों का समर लुक और ज्यादा अट्रैक्टिव दिखता है। साथ ही ये गले के पसीने को सोखता है, जिससे कि आपको कंफर्टेबल महसूस होगा।

### कार्नर न्यूज

कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं तो इन टिप्स पर जरूर दीजिए ध्यान

## कम कपड़ों में ज्यादा स्टाइल चाहिए तो तैयार कीजिए इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब, तारीफ मिलेगी भरपूर

इंटरचेंजेबल .बड़ा कठिन सा लगने वाला यह शब्द असल में जिंदगी आसान बना देता है। आसान ऐसे कि कई चीजों को कई तरह के कॉम्बिनेशन में मिलाकर हर बार कुछ नया देखने को मिलता है। ये फॉर्मूला इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब पर फिट बैठता है। इसका मतलब है कम कपड़ों में ही खूब सारी कॉम्बिनेशन ड्रेस और खूब सारे लुक। यह उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं या कर ही नहीं सकते।

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब शुरू में जरूर कठिन लग सकती है। क्योंकि इसे तैयार करने में कई बातें याद रखनी होती हैं। कभी रंगों का मेल तो कभी पैटर्न। लेकिन इसके बाद जब भी इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब की आपको याद आएगी, अपने लुक को लेकर एक सुकून जरूर नजर आएगा। इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब से जुड़ी बातें आइए जान लें, ताकि आपको न ही अपने लुक को लेकर चिंता करनी पड़े और न ही खर्चे की।

होंगे तीन फायदे

इस अनोखी वॉर्डरोब के तीन अलग-अलग फायदे हैं। इनको



जानने के बाद आप अपनी वॉर्डरोब को इंटरचेंजेबल बनाने के बारे में जरूर सोचेंगे। अलमारी मैनेज रहेगी क्योंकि उसमें बस जरूरतभर के कपड़े होंगे। कपड़ों पर खर्चा कम। तैयार होने में कम समय लगेगा क्योंकि बहुत सारे कपड़ों में से चुनने की झंझट खत्म हो जाएगी। आपको पहले से पता होगा कि इस कपड़े को इसके साथ मैच करके पहनना है।

जो है, सो है

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब के लिए आपको फिर से नए कपड़े खरीदने की भी जरूरत नहीं है। आपके पास जो कपड़े हैं, उन्हीं में से आपको अपनी इस वॉर्डरोब के लिए कपड़े मिल जाएंगे।इसमें आप अपने उन पुराने कपड़ों को भी शामिल कीजिए, जिन्हें आपने लंबे समय से पहना ही नहीं है। पुराने और आपकी पसंद से बाहर ये कपड़े किसी दूसरे कॉम्बिनेशन के साथ आपको जरूर अच्छे लगेंगे।

### इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का साथी

इस वॉर्डरोब के कुछ साथी भी होते हैं। ये वो साथी हैं जो इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब बनाने में काफी मदद करते हैं। दरअसल ये वो कपड़े होते हैं, जो आसानी से किसी भी रंग और पैटर्न के साथ मैच कर जाते हैं।

इन कपड़ों में सबसे पहले तो सफेद शर्ट और नीली जींस आती है। ब्लैक पेंट भी इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का अहम हिस्सा है तो नेवी ब्लू शर्ट भी। गुलाबी या लाल रंग की शर्ट इस वॉर्डरोब का हिस्सा बिल्कुल नहीं बन सकती है। क्योंकि ये किसी खास पैंट के साथ ही आपकी पर्सनैलिटी पर अच्छी लगेगी।

